'सावन के मास का शुरू था काली अमावस की रात थी । बादलों के कारण गहरा अंधेरा छाया हुआ था। समय का ठीक से पता न चला । पहले पहर ही घर से निकलकर जंगल की राह ले ली। कल्लर से चलते-चलते काफी दूर निकल गए। जो रास्ता चोहा भगतां गांव की तरफ जाता था उस तरफ तेज-तेज कदम उठाए । काली अंधेरी रात की वजह से रास्ता ठीक से दिखाई नही दे रहा था। वह स्थान पथरीला पहाड़ी इलाका था, नीचे खड्डे में एक नदी पडती थी। अचानक पाँव जो फिसला तो फिसलते हुए नीचे खाई में जाने का आभास हो रहा था। सीधे खड़े-खड़े नीचे जा रहे थे। बस ! इतना ही मालूम हुआ कि किसी लम्बे-लम्बे कोमल हाथ वाले ने गोद में ले लिया। फिर होश न रही। प्रातःकाल जब सूरज निकला और दिन चढ आया तो अपने आप को एक नदी के किनारे पाया । कुछ देर बाद पांव फिसलने, गिरने और गोद में लेने की सारी बात याद आ गई। नजर उठा कर ऊपर देखा तो बड़ी ऊँची चोटी दिखाई दी। वाह मेरे मालिक ! तूं बडा ही बेपरवाह है, किस तरह हाथों से पकड़कर यहां रख दिया है, उस वक्त यह शब्द मुंह से अपने आप ही निकले। बडी देर तक नदी के किनारे बैठे रहे। दोपहर के बाद वहां से एक आदमी गुजरा उससे चोहां भगतां की तरफ जाने वाला रास्ता पूछा । उसने कहा, उस तरफ ऊपर जाओ, वहाँ से सीधा जास्ता निकल जाता है। फिर उठकर कपड़े उतारे और स्नान किया

देखा ! शरीर पर कोई चोट न लगी थी। कहीं रगड़ तक का निशान न था। स्नान करके फिर वहां ही एक ओट में बैठ गए। चोहां भगतां जाने का विचार ही छोड़ दिया। शाम को वहाँ से उठे और कल्लर लौट आए। घर पहुंचने पर बहनोई साहिब कुछ नाराज हुए। पूछा ! किधर गए थे ? कहकर तो जाना था। चुप होकर सब कुछ सुनते रहे। कोई उत्तर न दिया।

भगत जी से :- प्रेमी ! इस तरह वक्त गुजरता रहता था। काफिले वाले चलते रहते हैं। संसारी लोग आवाजें कसते रहते हैं। प्रेमी ! संसारियों का अपना रास्ता है, फकीर अपने हिसाब से चलते रहते हैं। संसारियों से मेल-जोल रखना कठिन हो जाता है।

2. जब भगवान को स्वयं मंगतराम जी की जगह हाजिरी देनी पड़ी

दूसरी घटना इस प्रकार है कि प्रभु अपने भक्तों की सदा रक्षा करते आए हैं, ऐसी बहुत सी मिसाले हैं इतिहास उनका साक्षी है। इस तरह की घटना सत्गुरू महाराज मंगतराम जी के जीवन से मेल खाती है जिसमें भगवान् को अपने भक्त का साकार रूप धारण करके काम भी करना पड़ा। सन् 1922 में जब आप पेशावर (पाकिस्तान) में स्थित सरकारी दफ्तर में काम कर रहे थे वहाँ आप दफ्तर में ज्यादा समय हरि चर्चा में व्यतीत करते थे या ध्यान मग्न रहते थे। एक बार ऐसा हुआ कि आप रोजाना की तरह रात में ध्यान में बैठ गए। मगर आप ध्यान में इतने लीन हो गए कि वक्त का ख्याल ही न रहा, दिन निकल आया। जब आप का ध्यान टूटा तो देखा कि दफ्तर का समय तो कभी का निकल चुका है। फिर भी आप जल्दी-जल्दी तैयार होकर दफ्तर पहुँचे। दफ्तर पहुंचने पर देरी से आने की सूचना देने के लिए सीधे अफसर के कमरे में चले गए। साहब दफ्तर के काम में मग्न थे। चंद मिन्टों के पश्चात जब उन्होने ऊपर देखा तो आपको सामने खड़े पाया और पूछा, 'मंगतराम' ! आप कैसे आए ? तो आपने बतलाया कि आज लेट हो गए हैं और लेट आने की इतला देने आए हैं। साहब यह सुनकर हैरान रह गए और कहा ! मंगतराम, आप तो ठीक

वक्त पर दफ्तर आए थे। आपकी हाजिरी लगी हुई है। आप कैसे कहते हो कि लेट हो गए। मंगतराम इतने सुनते ही सब राज जान गए, खामोशी से कमरे से बाहर आ गए। लौटकर अपने कमरे में सीट पर आए तो देखा कि किताबें खुली पडी हैं और उन पर जो काम होना था वह पूरा हो रखा था। यह देखकर खामोश हो गए, किसी साथी से कुछ नही कहा और अपने काम में लग गए। शाम को दफ्तर से छुट्टी करने से पहले-पहले अपना त्याग पत्र लिखकर ऊपर बड़े साहब को भेज दिया और घर चले आए। दूसरे दिन हसबमामूल समय अनुसार दफ्तर पहुंचे। बड़े साहब ने आपको बुलाया और दोनो के दरमयान इस प्रकार वार्ता हुई :-

साहब : मंगतराम ! आपने इस्तीफा क्यों दिया ? ऐसी नौकरी आसानी से नही मिलती। इसलिए आपको इसे नही छोड़ना चाहिए।

गुरूदेव : साहब ! इनसे केवल एक की ही नौकरी हो सकती है, दो की नहीं। वो भी बड़ी सरकार की। इनसे दो सरकारों की नौकरी अब नहीं हो सकती।

साहब : मंगतराम ! अगर तुम इस नौकरी पर रहोगे तो तुम्हे बहुत ऊँचे ओहदे पर ले जाऊंगा।

गुरूदेव : साहब ! आप कृपा करके यह बतलाएं कि आपने खुद क्या पा लिया है जो आप मुझे देंगे ?

साहब : यह जानते हुए कि उनकी बातों का मंगतराम पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा तब अफसराना तरीके से कहा कि मैं आपका त्यागपत्र स्वीकार नही करूंगा।

गुरूदेव : साहब ! आप इस्तीफा मंजूर करो या न करो ! यह पहली तारीख से दफ्तर नही आएंगे, इतना कहकर आप कमरे से बाहर आ गए और फिर पहली तारीख से आप दफ्तर नही गए, वापिस घर लौट गए।

कर्मदण्ड के भय से स्वभाव में परिवर्तन/कर्म अमिट है

प्रेरक प्रसंग

आखिरी सितम्बर 1943 में गुरूदेव जी रावलपिंडी में प्रेमी नन्द लाल बिन्द्रा के मकान पर निवास कर रहे थे। रोजाना शाम को सत्संग होता था एक दिन आप प्रवचन करते हुए कर्मो के विचार दे रहे थे, उस समय एक दृष्टांत देते हुए बताया कि किस प्रकार एक डाकू कर्मो के नतीजे के भय से एक सिद्ध फकीर बन गया । आपने फरमाया कि शाहवली एक प्रसिद्ध डाकू उनके जन्म स्थान के निकटवर्ती गांव में रहता था। इलाका के लोग उससे बड़ा खौफ खाते थे। जीवन में शायद ही उसने कोई अच्छा काम सिवाय डाके मारने के किया हो। एक दिन शाहवली आधी रात में बैलों को लेकर घर से अपनी जमीन में हल चलाने के लिए निकल पड़ा। रात चाँदनी थी, समय का ठीक पता न चल सका, चलते-चलते बैल जरा रूका तो उसने उसको चाबूक मारा, तो बैल चल पड़ा। पर कहीं से हूँ हूँ की आवाज आई। सुनसान जंगल का रास्ता था, आधी रात का वक्त। वह यह न समझ सका कि आवाज कहाँ से आई व किसकी है ? वहाँ तो कोई आगे-पीछे दिखाई नही देता था। अचानक उसे ख्याल आया कि कल शाम को जब मैं इधर से गुजरा तो यहाँ एक पेड़ के नीचे एक खुदा दोस्त फकीर बैठा हुआ था हो न हो वह इस समय भी यादे इलाही मे बैठा हो, यह उसी की आवाज हो सकती है। वह उसकी ओर बढ़ा और देखा कि वही फकीर समाधि लगाया बैठा हुआ है। उसने आगे बढ़कर उससे पूछा कि साई जी आप को क्या तकलीफ है और क्या यह हूँ हूँ की आवाज आप की ही थी।

फकीर : मुझे कोई तकलीफ नही है मगर हूँ हूँ मैने आपको होने वाली तकलीफ को महसूस करते हुए की।
शाहवली : साई जी भला वो कैसे ?

फकीर : तूने बेजुबान जानवर को जो चाबुक मारा है उसका बदला जब तुझे भोगना पड़ेगा तो बड़ा दुख होगा ।

शाहवली : (कुछ देर के लिए चुप हो गया) फिर बोला कि साई जी अगर यह सच है तो मैने तो जीवन भर चोरी की है, डाके मारे

हैं, कितने ही घर उजाड़े हैं, यतीमों को सताया है, लोग मेरे नाम से खौफ खाते हैं। तो मेरा क्या हाल होगा ?

फकीर : जो तेरे कर्म का नतीजा हो सकता है वो हर हाल में भोगना पड़ेगा । उसकी सजा तो जरूर मिलेगी। शाहवली फकीर के बचन सुनकर अपने किए हुए कर्मों को यादकर भयभीत हो गया। शरीर काँपने लगा।

फिर पूछा : साई जी क्या ऐसी कोई युक्ति है जिससे इतने खराब कमों का फल न भोगना पड़े।

फकीर : हाँ जरूर है, शर्त यह है कि सच्चे दिल से खुदा से अपने गुनाहों की माफी मांग और आईन्दा कुछ न करने का वायदा कर। वो बखान हार तुझे जरूर माफ कर देगा।

शाहवली : साई जी मेरे जैसे गुनाहगार को भी ?

फकीर : हाँ जरूर ! और साथ ही शाहवली को यादे खुदा यानि सिमरन की युक्ति भी बता दी।

शाहवली पास ही बनी एक गुफा के अन्दर चला गया। फिर एक दिन लोगों ने देखा कि वह अपने गुनाहों को माफ करा कर और ईश्वर का साक्षात करके ही बाहर आया। कई दिनों तक कुछ खाया-पिया नही। मालिक के दरबार में रोता ही रहा अब उसकी हालत यह थी कि उसे गर्मी, सर्दी और बारिश का कुछ अता-पता नहीं चलता था। आम तौर पर लोग उसकी जुबां से यही सुनते थे कि ऐ खुदा, तेरे दरबार में मेरा जैसा गुनहगार भी बख्शा जा सकता है तभी तुझे फकीरों ने दयालु और कृपालु कह कर पुकारा है। अब उसकी हालत यह थी कि मुर्गे के बच्चे जब उसे अपनी चोंच मारते थे तो वह कहता था कि ठीक है मैने भी तो इनका बहुत मांस खाया है। यह था उस डाकू शाहवली (असली नाम दयाल चन्द) का तीव्र वैराग और सच्ची लग्न ईश्वर के चरणों में जिसने घर-बार सब कुछ भुला कर रख दिया और ईश्वर के साक्षात दर्शन करके वह अपना जीवन सफल कर गया। जब संसार में कोई ठोकर लगती है तो वैराग्य उत्पन्न हो जाता है और तीव्र वैराग होने से जीवन का लक्ष्य ही बदल जाता है।

अशुद्ध व शुद्ध व्यवहार का प्रभाव
गुरूदेव द्वारा सुनाया गया प्रेरक प्रसंग

जिस-जिस जीव को जैसी चाह होती है उसके मुताबिक वह पुरूषार्थ करना शुरू कर देता है जिसके अन्दर राज करने की इच्छा प्रबल होती है उसके कर्तव्य राज हासिल करने के लिए इस तरह के होते हैं जिसके लिए शारीरिक बल व बुद्धि दोनो चाहिए । नीति कानून सब जानता हो और जो-जो पॉलिसी, छल राजनीति में जरूरत पड़ती है, सब में माहिर होता है। वह कुदरती ऐसे संस्कार जन्म से ही लेकर आता है। जिसके अन्दर प्रभु की प्राप्ति के वास्ते लग्न होती है, उसका जीवन शुरू से ही त्याग भाव वाला व सदा संसार से उदासीन रहता है। न उसको खाने में खुशी होती है, न अच्छे कपड़े पहनने में, न और रख-रखाव में ध्यान रहता है। एक ही धुन सदा रहती है किस तरह मेरा साई मुझे मिल जावे ।

अगर मन के अन्दर यह आदर्श बना रखा है कि खूब खाऊँ-पीऊँ, सुख भोगूं तो वह बड़े-बड़े व्यापार करता है। अकसर धन की लालसा सबके अन्दर बनी रहती है जिसके वास्ते छल-कपट, झूठ वगैरा भी करना पड़ता है असल व्यापारी तो वह ही है जो संसार में रहते हुए सब काम करते हुए प्रभु आज्ञा में जीवन गुजारता है। लाभ हो, हानि हो और भी जो हो रहा हो, वह अपनी सफाई को नही छोड़ता । हमेशा धीरज में रहता है। कपट वाला व्यापार करने वाले के अन्दर भय सदा बना रहता है। वह कपट आखिरकार उसे नुकसान देकर रहता है।

पंजाब के अन्दर जो अनाज वगैरा खरीदकार दूसरी जगह जाकर बेच देने वालो को घुमहार लोग करके पुकारा जाता था । उनका काम ही यह था किसी मण्डी से या कई घरों से अनाज सस्ते भाव लेकर दूसरी जगह जाकर, जरा महंगे भाव बेचकर अपना गुजारा कर लिया । चन्द घुमहार गांव वालों से पूछ रहे थे "किसी के पास अनाज है ?" एक ने उनको बताया इस अकाल के समय में केवल

एक घर में ही गेहूं मिल सकती है और फलां गली में फलां माई का घर है। वह पूछते-पूछते उस माई के घर पहुँचे। माई चरखा कात रही थी। उनमें जो घुमहारों का सरदार बड़ा व्यापारी था, प्रजापत उसका नाम था। उसने माई से कहा-माई, गेहूँ, हमने लेनी है, जरा नमूना दिखाओ । माई कहने लगी अन्दर कठार में पड़ी है जाकर खुद ही नमूना देख आओ । प्रजापत ने जाकर गेहूँ देखी, नमूना पसन्द आ गया । माई से कहा गया - क्या भाव दोगी। माई कहने लगी बच्चा जो भाव मुनासिब है आप बता दो, वैसे ही कर लिया जावेगा । प्रजापत ने कहा माता मण्डी में इस भाव बिक रही है। हमने भी बाल-बच्चों का पेट पालने के वास्ते मेहनत करनी है, उस भाव से एक रूपया मंदा लगा लो और दे दो। माई ने कहा बच्चा परमात्मा सबकी पालना करने वाला है जो भाव कहते हो उस भाव ले लो। मगर आप ही अन्दर जाकर कठार से गेहूँ जितनी दरकार है, निकाल लो, तोल लो । हिसाब के पैसे जो बनते हैं दे दो। अंधे को क्या चाहिए दो आँखे । घुमहार कहने लगे - बस ! काम बन गया है, माई सीधी-सादी है, चलो अपना काम करलो । उन्होने अंदर जाकर गेहूँ अपनी मर्जी से ढेर बनाकर, तोलकर बोरियों मे भर ली ।

"चोराँ दे कपड़े, डांगां दे गज" माई चरखा कातती रही, वे मन ही मन बड़े खुश हुए आज बड़ा दांव लगा है। ऐसा वक्त का अन्धा कौन मिलेगा। धारण में, गिनती करने में ज्यादा तोल कर के थोड़ी बताई । हिसाब ज्यादा बना कम बताया । घोड़ो, खच्चरों पर लादकर कहने लगे -इतने मन, इतनी बोरियां और इनके इतने पैसे बनते हैं। माई कहने लगी अच्छा ! बच्चा ठीक है । प्रजापत ने कहा - बेशक किसी से हिसाब करा लो । माई कहने लगी - जो हिसाब तुमने किया सो ठीक है । वह पैसे कठार के ऊपर पड़े कूजे में डाल दो । माई की सब बातें सुनकर, देखकर बड़े हैरान हो रहे थे । रत्ती भर भी किसी बात से लगाव नही है। साथ-साथ में कह रहे थे - ऐसा व्यापार हमने आज तक नही देखा है। आज दांव लगा है मतलब

माई से भाव भी कम लगाया है, घड़ा भी ज्यादा कर लिया और जो ठगी हो सकी कर ली, माई ने कुछ झगड़ा नही किया, कुछ खोटे, कुछ खरे पैसे डालकर चल दिए। जल्दी-जल्दी जैसे चोर माल लूटकर चलते हैं, जैसे चालाक लोग किसी देहाती अनपढ़ को ठगकर जल्दी-जल्दी खिसकने लगते हैं। जब खच्चरों पर माल लेकर कस्बा से बाहर चार-पाँच कोस निकल गए तो जिस प्रजापत की कमर से रूपयों की बानसली बंधी हुई थी, उसने जब हाथ कमर पर धरा, झट ही चौंक पड़ा। घबराकर कहने लगा बानसली रूपयो वाली कहाँ है ? सब सोच में पड़ गए, वह तो माई के घर ही भूल आए हैं। रूपये देकर फिर बांधकर शायद वहाँ ही रख दी है। जल्दी में नुकसान कर दिया, गेहूँ की बोरियां उठाने लग गए थे । बानसली किसी ने उठा ली होगी। अब नही मिल सकेगी। अब वह व्यापारी सिर पर हाथ रखकर वहां ही बैठ गए। सलाह करने लगे, क्या किया जाए। एक ने कहा- अब तो दूध का दूध और पानी का पानी ही होगा। अब बानसली नही मिलेगी। आपस में सलाह करके वह व्यापारी वापिस गांव में माई के घर पहुंचे । माई और उसके लड़के घर आए हुए थे। प्रजापत उनको देख कर घबरा गए । माई से चुपके से घबराकर बात की। ऐसे-ऐसे हमारी बानसली में इतने रूपये बंधे रह गए हैं। माई ने बड़े सादे भाव में कहा- देख लो जहां रख गए वहीं होगी। प्रजापत ने जाकर देखा बानसली मिल गई। माई ने कहा अब सफर न करो। चोरों का जमाना है, ऐसा न हो रास्ते में ही लूट जाओ। प्रातः ही निकल जाना। मण्डी में जाकर माल बेच देना । सबने सोचा यहां ही रहना ठीक है। रोटी जब तैयार हुई, उसके बड़े लडकों ने थाली लेकर रोटी खुद ही डाल ली। अपने आप खाने लगे और साथ ही उन व्यापारियों को भी खाना खिलाया । जब सब खा-पी चुके, उस माई का छोटा लड़का आ

हुए थे, खुद परोस कर थाली लड़के के आगे रख दी। प्रजापत सथ देख रहा था। माई ने छोटे लड़के के साथ बहुत प्रेम दिखाया और बडे लड़को ने खुद ही रोटी ली। इस पर प्रजापत से न रहा गया उसने पूछा-

प्रजापत : माता ! यह क्या बात है ? इस छोटे बच्चे को तो बहुत प्रेम से खाना खिलाया है और आप को बाकी सारा काम बेदिली से करते देखा गया है। हमसे गेहूँ लेते, तोलते, पैसे देने में कोई दिलचस्पी नही ली, न बड़े बच्चों मे आपका मोह देखा। आपका केवल छोटे बच्चे से ही प्यार दिखाई दिया।

माई कहने लगी : इस छोटे बच्चे ने उन बड़े बच्चों से पिछले जन्म का कुछ लेना है और मैने इसका कुछ देना है। यह हिसाब अगले 6 महीने में पूरा हो जाएगा। प्रजापत ने पूछा-माई तू ये सब कैसे जानती है

माई ने कहा : अढाई वर्ष पहले मैं बीमार हो गई थी और मृत्यु के बिल्कूल नजदीक पहुंच गई थी घर वाले सब हाहाकार करने लगे थे। मैं धर्मराज के दरबार में हाजिर थी, चूंकि मेरी शादी के कुछ वर्षों पश्चात ही मेरा पति परलोक सिधार गया था। मैं बेवा हो गई थी और बच्चें यतीम हो गए थे। इनके पालने पोसने में लगी रही। नौकरों से क्रोध करके खेती-बाड़ी का काम करवाया। जमींदारी का काम एक किस्म का राजा की तरह का काम है। मैं लडाई झगडों से गुजारा करती रही। ढींगा मस्ती से काम चलता रहा बडी होशियारी से समय गुजारते हुए यह बच्चे बडे हुए थे। इस सारे कारज को चलाने के वास्ते हक नाहक, चालाकी, ज्यादती, छल-कपट, अच्छे बुरे सब काम का हिसाब धर्मराज के पास था। धर्मराज ने मुझे सारा हिसाब दिखाया और सुनाया मैं घबरा गई। इन कर्मों का हिसाब तो मुझे कई जन्म तक भुगतना पडेगा। कैसे भुगतान होगा यह किस्सा अभी चल ही रहा था कि धर्मराज कहने लगे, "इस माई को अभी क्यों ले आए हो इसकी

उम्र अभी तीन साल की ओर बाकी है, इसे वापिस करो।" कहते ही धर्मराज के दूतों ने मुझे ऊपर से धक्का दिया क्या देखा कि इधर मेरी आंख खुल गई बच्चे वगैरा रो रहे थे मैं धीरे-धीरे ऐसे उठकर बैठ गई जैसे कोई सो कर उठता है। अब जबसे मैं अगला रास्ता देखकर आई हूं उस ईश्वर के व दण्ड के भय से मेरे भाव बिल्कुल बदल गए हैं। ऐसे बन गए हैं कि चाहे कोई जितनी मर्जी ज्यादती करे, ठगी करे, कपट करे, मेरे साथ बुरा सलूक करे मगर अब सबको सहकर भी किसी के साथ बुरा नही करूंगी, जबरदस्ती नही करूंगी। जो ज्यादती किसी पर करता है ऊपर मालिक देख रहा है। मालिक जाने, करने वाला जाने। इस ख्याल से मेरे कर्तव्य का असर बच्चों पर भी है। बाहर फसल पर भी कोई नुकसान कर जाए, गन्ना-मक्की इत्यादि की चोरी कर ले फिर भी बोलते नही। मुंह फेर लेते हैं ताकि ले जाने वाला आराम से ले जाए। किसी को न हाथ लगाते हैं न ओए करके कुछ कहते हैं।

और ठगे दुख होत है, आप ठगाये सुख होय ॥

मेरे मालिक की बहुत मेहर है, फसल और पैदावार गांव वालों से अच्छी निकलती है। अढाई साल बीत गए हैं, छः माह बाकी हैं। जब माई का सारा किस्सा प्रजापतियों ने सुना उनको भी अपनी करनी पर खौफ आया । अपनी मौत व कर्मों को याद करके पछताने लगे। कहने लगे माई जी "हमने आप के साथ जो गेहूँ का व्यापार किया है, सो बहुत ठगी से किया है हर बात में बोल तोल में, पैसे देने के भाव में सब झूठ ही किया है जिसकी कुदरत ने सजा दी बानसली यहीं रह गई इधर आपका सारा मामला देखा और सुना । आप भी माफ करें और परमात्मा से प्रार्थना करें कि हमें ऐसी गलतियों की सजा न दें। हमने समझा था माई भोली-भाली है।" प्रजापतियों ने सारी गेहूँ उडेल दी, अच्छी तरह से तोलकर हिसाब किया और पूरी रकम तथा खरे रूपये देकर हाथ जोड़े।

आज की पूजा/आज का धर्म

1.जब - जब जीव धर्म मर्यादा को भूल जाते हैं, कहर इलाही (ईश्वर) नाजल हुआ करता है। जंग व जलद, लूट खसोट, मारकाट का बाजार गर्म होता है। अति तमोगुण बढ़ जाते हैं और ऐसा ही हुआ करता है। इस समय भी न तो खाने-पीने की और उठने बैठने की तमीज है। मानुष और पशुओं के जीवन में कोई फर्क नही रहा। गिरावट की इस समय हद हो गई है। प्रेम भाव खत्म हो चुका है। वैर भाव अधिक बढ़ गया है। राम कृष्ण के नाम लेवा, उनकी शिक्षा को भूल गए हैं। धर्म का स्वरूप, उनकी मूर्तियों को धूप दीप देना ही समझ रखा है। गीता का वह फिलस्फा व ज्ञान जो च्यूटी से लेकर ब्रह्मा तक व तिनकों पहाड़ों मे उस आत्मा को व्यापा हुआ देखना सिखलाता था वह अलोप हो चुका है। सगुण व निर्गुण पूजा का मतलब अपनी मरजी के मुताबिक निकाला जा रहा है। सत्पुरूषों के फरमान के मुताबिक सगुण देह में निर्गुण आत्मा की खोज को भूलकर पत्थरों को गले से लगा रहे हैं और जीवों के बधिक बन रहे हैं।

2."कई तपस्वियों के तपोबल ने देश और धर्म के लिए कुर्बानियां दी। मगर हिन्दू जाति ने किसी का साथ नही दिया यह मुर्दे पूज कौम है। मरने के बाद सत्पुरूषों की मूर्तियां थाप कर उनकी पूजा शुरू कर दी। फूल चढ़ाने लगे गऊओं को पेड़े देने और तीर्थों पर जाकर स्नान करना धर्म मान लिया। कपट करना, कम तोलना नही छोड़ा। आपस में मिलकर बैठना नहीं आया। मां का धर्म कुछ है, बाप का कुछ। लड़का पिता से मुतरिफ (भिन्न विचार) है। ऐसे हालात में प्रेम भाव कैसे बन सकता है।"

3."कभी ऐसा समय था घर-घर में आत्म ज्ञान का विचार होता था। आज धर्म का सारा स्वरूप ही गायब हो गया है। हर एक जीव रात दिन माया की पूजा में लगा हुआ है। शरीर की बनावट, सजावट में ही सारा समय लगा देते हैं। सही सत् विचार न होने

करके हर जीव अशांत हो रहा है। गो (यद्यपि) लोग मंदिरों, गुरूद्वारों में जाकर प्रार्थना करते हैं मगर अन्तर में खोटी वासना के होने से किसी को भी मानसिक शांति प्राप्त नही हो रही है। हर एक का धर्म आजकल सिनेमा देखना, खाना पीना ही बना हुआ है।"

4. टली बजाना, सुत्र लपेटना, पानी चढाना, यह पूजा नही है। ऊँचे ऊँचे राग गाना यह भी पूजा नही है।

5. किसी भी महापुरूष ने किसी देवी देवता की पूजा अराधना नही दरसाई। पितृ पूजा, देवी पूजा, देवताओं को खुश करना, जादू, जन्तर-मन्तर, तावीज सब खाने के मसले पंडित मौलवियों ने बना रखे हैं। गणपति, दुर्गा चण्डी, जिन्न-भूत आदि अनेक तरह के कामनावादी जीवों ने अपने अपने देवता घड रखे हैं। यह अंधेरा आज का नही मुहम्मद साहिब के समय से चला आ रहा है।

6. वास्तव में यह जीव इस शरीर की भक्ति कर रहा है। यह इस शरीर से कभी गाफिल नही होता और इसको किसी देवी देवता पर निश्चय भी है तो वह महज शरीर के सुखों को पूरा करने की खातिर है। मतलब यह है कि ईश्वर को भी यह जीव अपने सुखों के लिए ढूंढता है।

7. प्रेमी, गंगा नहाने से मुक्ति नही मिलती। मुक्ति कर्मों से मिलती है। जहां बैठे हो वहां ही गंगा बन सकती है। यह सिर्फ आचार्यों ने खाने के तरीके बनाये हैं। पंडितो के कहने से जान नही छूटेगी। करनी भरनी पड़ेगी। प्रेमी, जब पांडव गंगा स्नान करने जा रहे थे तो कृष्ण ने उनको एक तुम्बी दी थी और कहा था इसको भी गंगा स्नान करवा लाना । पांडवो ने ऐसा ही किया। जब वापिस आए तो कृष्ण ने उनसे पूछा 'क्यों भई इस तुम्बी को भी स्नान करवा लाये हो?' उन्होने जवाब दिया, हां महाराज, बहुत ज्यादा ।' परन्तु उसका स्वाद कड़वा ही रहा।

आजकल धोती बांधनी, तिलक लगाना, मन्दिर में गढ़वा पानी का शिवलिंग पर चढाना और पक्की रसोई खाने में ही कल्याण समझी हुई है और रकम जमा करनी सबसे बडा कर्तव्य मान रखा है। मकान और शादी पर ज्यादा से ज्यादा खर्च करके मान बढाई हासिल करनी ही बडा फर्ज और पुण्य जानते हैं। सत् सेवा में भी कोई कोई बनिया आगे रहता है। मायाधारी लोग इससे ज्यादा धर्म कर्म नहीं जानते।

9. गुरूओं ने बड़ी से बडी कुर्बानी करके सत्धर्म को फिर से खडा करने की कोशिश की थी आज तरट्टी चोड हो रही है। गुरूद्वारों का दान श्री गुरू गोबिन्द सिंह ने दरिया में फैकवा दिया था दान का पैसा गरीब, अनाथ, यतीम और देश सेवा में खर्च के वास्ते होता था। नाकि गुजरान के वास्ते। जैसे ब्राह्मणों ने पत्थर के ठाकुर बनाकर पेट पूजा बना रखी है। उन्होने दरबार साहिब सजा लिया है। दरबार में तत्वज्ञान भरा है। इसे निर्मल बुद्वि से विचार करके ही निर्मल पद पाया जाता है।

10. यह जीव आसरे ढूंढता रहता है चाहता है कि उसकी जगह कोई मौलवी पंडित भाई पाठ करदे। झूठ, कुसत जो यह दिन रात कर रहा है उससे कोई क्या छुडा सकता है। जिन्दगी में जो शुभ-अशुभ कर्म इसने किया है उनका एव जाना इसे जरूर देना पडेगा।

11, जीव के वास्ते बाहर से कोई दुख नही लाता। जीव की अपनी शुभ अशुभ करनी ही उसके सुख-दुख का बायस बनती है।

12. कल्याण चाहते हो या भगवान के चरण अमृत से मुक्ति हासिल करना चाहते हो और चाहते हो कि करना धरना कुछ ना पडे प्रेमी यह ठगी ठगोली करके भगवान को ठगना चाहते हो क्या वह भोला है कुछ नही जानता ? तुम भी पागल और तुमको

रास्ता दिखाने वाले भी अंधे । जो अपना कल्याण नही कर सकते वह तुम्हारा क्या कल्याण कर सकेंगे कोई ठीक रास्ता पकडो पहले समझो करना क्या है, किधर से आए हैं, किधर जाना है, कल्याण का रास्ता बताने वाला कैसा होना चाहिए।

13. जब तक अंतःकरण शुद्व नही होता, पापवृति कायम रहती है। अपने लाभ के लिए दूसरे की हानि का भाव मौजूद रहता है जबान में मिठास नही, दूसरो से प्रेम नही तब तक एक नही ख्वाहे लाख गंगा स्नान कर लिए जाएं बडे-बडे तीर्थों की यात्रा कर ली जावे सब बे फायदा ही है। इस वास्ते सही कल्याण को प्राप्त करने के लिए अपने आचार-विचार शुद्ध करने चाहिए । सत्पुरूषों से सत् मार्ग प्राप्त करके उनके बताये हुए असूलों और साधनों को अपना कर ही मुक्ति हो सकती है।

14. व्रत के दिन ज्यादा स्वाध्याय किया जाए।

15. अगर कोई इन्सान, जिस बुत या मुर्ति को मानने वाला है, उसकी तालिम यानि शिक्षा पर अमल करता है तो ठीक है, वह वहदत परस्त (ईश्वर को मानने वाला है) है। वरना सब कुछ बुतपरस्ती ही है।

जीवन कैसे जिएं /
सुख शान्ति कैसे आए

1. पहले क, ख पढ़ो मतलब यह कि सादगी धारण करो। फिजूल खर्ची का त्याग करने की कोशिश करो। जब तक तुम अपनी आदत पर काबू नहीं पाओगे कभी भी किसी पहलू में कामयाब नहीं हो सकते ।

2. तेरा शरीर ही तेरी दुनिया है। अगर तेरा मन मैला है विकारो से नापाक है तो तेरा गन्दा संकल्प सारी दुनिया को गंदा कर देगा।

3. रेडियो की मिसाल लो : किस तरह आवाज एक जगह से चलकर चंद लम्हों में सारे कुर्राह हवाई के इर्द-गिर्द घूम जाती है और जहाँ कहीं रेडियो लगे हैं सुनाई देती है। आज भौतिक दृष्टि से भी सारा संसार एक हो रहा है। किसी एक मुल्क की गलती का खम्याजा सारी दुनिया को भुगतना पड़ता है। इसी तरह रूहानी दुनिया में लोगों के मैले मन से निकले हुए गंदे संकल्प तमाम दुनिया के वातावरण को खराब करते हैं। तुम्हारे खोटे संकल्प दूसरों के खोटे संकल्पों के साथ मैल पैदा करके तुम्हारी गिरावट और नाश का कारण होंगे।

4.इसलिए जीव को चाहिए कि इस दुनिया में आकर ऐसा काम न करे जिससे उसके मानसिक दोषों में वृद्धि हो। तेरा पाप तेरा नाश कर देगा। इसलिए शरीर अथवा मन को सदाचारी जीवन में लगा। सत् यानि ईश्वर की सत्ता में निश्चय रख। उसकी तलाश कर जीवन को कर्तव्यमयी बनाओ। अगर आप अपना फर्ज पूरी तरह से निभा देंगे तो बाकी सब अपने आप ठीक हो जावेगा।

पांच असूलों (सादगी, सत्य, सेवा, सत्संग, सिमरन) को धारण करो । दीन-दुनिया की जीत इसी में है हर एक से मोहब्बत करो दुखी का दुख दूर करो। असली जिन्दगी का सामान खरीद करो। क्या बनेगा जब वजूद (शरीर) नाश को प्राप्त होगा। जिन्दगी में अपने सुधार और देशभक्ति को धारण करो।

6. राक्षसी जिन्दगी को तर्क कर दे । तुम्हारे लोगो की जिन्दगी पर ही देश और धर्म है अगर तुम सच्चे सुपुत्र बनोगे तो बाजी जीत जाओगे।

7. अपने कारोबार में हकशनासी को धारण करें। दूसरों का हक खाना असलियत में अपना ही नाश है। यह निश्चय करके जान लेंवे।

8. हर वक्त कल्याण के वास्ते सोचते रहो। अंतर विखे जो चोर बैठे हुए हैं पलक - पलक विखे उनसे बचाव करो। बार-बार सोचो जिन्दगी किस लिए मिली है। जो श्रवण किया है उस पर अच्छी तरह विचार करो और उसे धारण करो।

9. सत्संग द्वारा विचार ग्रहण करके अपना प्रोग्राम बनाओ उस पर कस कर चलो इस जिन्दगी का आखिर मरण ही है कोई भी इसे महाकाल कराल से नही बचा सकता । तेरे शुद्ध विचार ही विवेक है ऐसे विचारों की परिपक्वता ही निश्चय है।

10. सत्य बोलो, सेवा करो। सत्संग में आया करो। फिर आहिस्ता, आहिस्ता किसी गुरू, पीर का आधार पकड़ो।

11. आलस छोड़कर सत पुरूषार्थ धारण करो।

12. जिन्होने अपने ऊपर काबू पा लिया है उनकी नजदीकी हासिल करो तब ही तृष्णा रूपी नदी को पार कर सकोगे ।

13. नेक अमल, सतकर्म धारण करो। जिन कर्मों से मन की अशांति बढ़े उनको छोड़ दो।

14. स्वार्थ छोड़ो, फर्ज को पकड़ो।

15. वास्तव में शान्ति और अशान्ति तुम्हारे कर्तव्य में निहित है इसलिए श्रेष्ठ कर्तव्य करने वाले बनो। दुष्कर्म ही अशान्ति का मूल है। उनसे स्वार्थ परमार्थ दोनो बिगड़ते हैं। अतः अपने जीवन को पवित्र बनाने का प्रयत्न करो। सत्कर्म शुद्ध आहार पवित्र व्यवहार धारण करना जिससे बुरी वासनाओं का अन्त हो जाए वह सच्ची शान्ति का मार्ग है। ईश्वर सभी सज्जनों को सुमति प्रदान करे जिससे अपने समाज, देश और परिवार को वास्तविक शान्ति प्राप्त हो।

16. यह एक मोटी थ्योरी है कि अपना स्वभाव ही सुख रूप है। जीव की सबसे बड़ी चाह सुख की प्राप्ति है। इस वास्ते इसका सबसे पहला कर्तव्य है कि सबको सुख दिया जावे। इंसानी शरीर दूसरों को सुख देने के वास्ते है। इसी में उसकी शोभा है। अपने आपको सुख देने की चेष्टा तो सब भूत प्राणी कर रहे हैं। लेकिन बाकी जीवों से मानुष की क्या उच्चता है । वह यह कि जब जीव श्रेष्ठ करने लग जावेगा, दूसरों का भला करना उसका स्वभाव बन जाएगा, तब इसके अंदर सच्ची कुर्बानी व सेवा का जज्बा पैदा होगा और इंसानियत के मायने सही तौर पर समझने वाला होगा। "सत् पुरूषार्थ में ही परम लाभ है। झूठा पुरूषार्थ हानि दिया करता है। सत् की स्थापना के वास्ते सतपुरूष हर युग में संसार के अन्दर आए और पाखंडवाद का खंडन करते रहे । बडे-बडे दुख, मुसीबतें, फांके उठाकर सुधार की कोशिश करते रहे मगर मायावादी अपने रंग ढंग में ही चलते रहते हैं।

विरला ही तलवार की धार पर चलकर पार होता है। अपना भाव ठीक रखना चाहिए। मोटी बात यह है सबसे प्रेम भाव रखना, किसी से द्वेष न करना, जहां तक हो सके तन, मन से दुखियों की सेवा करनी, अच्छे महापुरूषों को देखकर खुश होना और सेवा करना, पापी जीवों को देखकर नफरत विरोध न करना बल्कि उदास होना/उनके लिए चित से प्रार्थना करनी : 'ईश्वर इनको सुमति देवे'। निन्दा किसी की नही करनी, सत्संग सत् सिमरन में लगे रहना। यह ही सत् धारणा किसी समय पर परम गति की तरफ ले जायेगी इसी तरह विचार करते रहा करो। एकांत का बडा लाभ यह ही है कि सत् सुनना और मनन निध्यासन करना। जब तक शुभ गुणों की धारणा में न लगोगे तब तक कोई लाभ नही। सत्संग यह ही है बार-बार सत् का निर्णय करना। सत् कर्म कोई एक ही कर्म नही होता। जितना दिन-रात में मन इन्द्रियों द्वारा व्यवहार करता है मर्यादा पूर्वक हो, जीवन निर्वाह मात्र । बाकी समां आत्म उन्नति में देना ही सत् तत् की धारणा है, यह बात हमेशा याद रखनी चाहिए 'सत करतार, झूठ संसार' सब ग्रन्थ, वेद ऋषि मुनि इस बात की दृढ़ता करवा देते हैं। जितनी इस सत् भावना की दृढ़ता हो सके उतनी ही थोड़ी है।

मनुष्य जीवन का उद्देश्य व
जीवन सफल कैसे हो

1. जब जब जीव धर्म मर्यादा को भूल जाते हैं। प्रकृति का प्रकोप नाजल होता है। युद्ध और हिंसा लुट-खसोट, मार-काट होने लगती है। अति तमोगुण बढ़ जाने के कारण ही ऐसा होता है। आज यही हो रहा है। मर्यादा शिष्टता सब समाप्त हो रही है। मनुष्यों और पशुओं में कोई अन्तर नही रहा। इस समय पतन की चरम सीमा है। प्रेम भाव समाप्त हो चुका है। ईर्ष्या, द्वेष, वैर विरोध वहुत बढ़ गए हैं।

2. जिस प्रकार हर वस्तु किसी नींव पर खड़ी है, वृक्ष जड़ पर आधारित है, भवन की अपनी नींव होती है इसी प्रकार मनुष्य का जीवन भी किसी सिद्धान्त पर आधारित है। मनुष्य पहले पैदा होता है फिर होश संभालता है। जब युवा होता है यौवन के मद में चूर होता है। अभिमान में आकर कहता है कि संसार में कोई उसके सामान ही नहीं। धरती को रौंदता है। सत्मार्ग पर चल कर यदि सही पग न उठाया तो इस संसार से पश्चाताप लेकर चला जाता है। खाना, पीना, सोना, जागना आदि विकार मनुष्यों और पशुओं में एक से हैं। मनुष्य की श्रेष्ठता तभी है जब वह सही सिद्धान्त सोचे और उसके अनुसार अपना जीवन ढाले। अपना सुख दूसरों में बांटे।

3. वास्तव में जीवन के सम्बन्ध में विचार करना बहुत कठिन है। शरीर प्राण-धारा के साथ में चलता है इसे एक विशेष शक्ति चला रही है इस शरीर रूपी रथ को जीव अपने स्वभाव के अनुसार चलाता रहता है। कोई चोरी करता है, कोई अपशब्द बोलता है, कोई मधुर वचनों से सबका मन मोह लेता है । माता-पिता संतान को जन्म देते हैं बुद्धि या स्वभाव को नहीं, स्वभाव सबका अलग-अलग होता है। इसका कारण अपने कर्म

और संस्कार हैं। पहले अपनी बीमारी की अच्छी तरह जांच कर लो फिर उसका इलाज भी हो जाता है। जो अपनी बीमारी को समझता ही नही वह उसे कैसे ठीक कर सकता है। इस बीमारी में सभी जीवधारी खड़े है। इसी आन्तरिक विकार रूपी दैत्य को पहचान कर नष्ट करना मनुष्य जीवन का उद्देश्य है

4. प्रेमियों, विचार करना है कि इस मनुष्य जीवन को धारण करने का उद्देश्य क्या है। गहराई से देखा जाए तो सामान्य जीवों के जीवन का उद्देश्य केवल आहार निंद्रा, मैथुन (खाना, पीना, सोना, भोगविलास करना आदि ही प्रतीत होता है। परन्तु ऐसा तो पशु पक्षी आदि भी कर रहे हैं। तब मनुष्य और पशु पक्षियों मे अन्तर क्या है। मनुष्य को विधाता ने बुद्धि दे रखी है। जीव कई बार सोचता है कि भूख तो कभी समाप्त नही होती। सुबह खाया शाम को फिर भूख लग गई सत्पुरूषों का कथन है कि जीव खाते हुए भी भूखा है। इकठ्ठा कर करके भी कंगाल है। ज्यों-ज्यों भोग भोगता है त्यों त्यों तृष्णा बढ़ती है। तब उन्होंने बताया कि वास्तविक तृप्ति इन भोगों में नहीं है। यह शरीर तो परिवर्तनशील है बनना और बिगड़ना इसका स्वभाव है। इसलिए उन्होने इसके भीतर की अखंड शक्ति की ओर ध्यान दिलाया । वही शक्ति पूर्ण है। उसे पाना ही तृप्ति है।

1. मनुष्य जीवन का मकसद (ध्येय) निर्भय शान्ति है अर्थात् ऐसी खुशी जिसमें तबदीली का डर न हो। यह तब ही हासिल हो सकती है जब जिस्म की छानबीन करके उसके अन्दर जो जीवन शक्ति है उसे मालूम किया जावे। यह जीव अज्ञान की वजह से वास्तविक शान्ति की तलाश अपने अन्दर करने के बजाए संसारी पदार्थों में कर रहा है। चूंकि संसार की सब चीजें नश्वर एवं क्षणिक है इसलिए उनसे मिलने वाले सुख भी नश्वर एवं क्षणिक होने की वजह से दुःख और अशान्ति का कारण बन जाते हैं जो

जीव सुख चाहता है उसे चाहिए कि अपना सुख दूसरों पर न्यौछावर करे। इससे उसे सुख मिल जावेगा। इस मानुष देह का असली मकसद जानो । जब जान लोगे तब कहीं सही सोच वाले बनोगे। इस मानुष देह को धारकर सिर्फ भोग प्राप्ति के वास्ते यत्न करते रहना यह सही यत्न नहीं हैं। इस शरीर की विशेषता यह ही है कि अपने आप की पहचान करें। यह जाने कि कहां से आया है ?, किधर जाना है ?, और क्या कर रहा है ?, ईश्वर क्या है ?, संसार क्या है ?, आत्मा क्या है ?, जिस्म क्या है ?, आत्मा शरीर का सम्बन्ध कितनी देर चलेगा ?, अन्तर विखे जो वासना उमड़ रही है यह किधर ले जा रही है ?, इसकी निवृति कैसे होगी ?, मनुष्य स्वार्थ में फंसकर गलतियां करता है और पछताता है व्यर्थ ही नदी की लहरें गिनता रहता है और जब भंवर में फंस जाता है जिससे न अपना कल्याण न देश का । गुरू गोबिन्द सिंह ने अपने बच्चों का उत्सर्ग किया दुर्ग वैभव सब छोड़ दिया किन्तु सिद्धान्त नही छोड़ा प्रकृति ऐसे ही परीक्षा लेती है।

6. मनुष्य के जीवन का उद्देश्य है इस दैवी, आसुरी स्वभाव का भेद पहचानना । भलाई-बुराई का विवेक करके ही मनुष्य अपने जीवन को सही मार्ग पर चला सकता है महान वही है जिसमें नम्रता और परोपकार की भावना है, जिसका स्वभाव शुभ है वही श्रेष्ठ है। नीचे वह है जो स्वार्थ के कारण अन्य जीवों को कष्ट देता है।

7. इस कर्म रूपी संसार में जैसा करोगे वैसा पाओगे मनुष्य जीवन पाकर सतसाहस धारण करो, हृदय को उदार बनाओ, प्रभु में विश्वास रखो, दूसरों का हित चाहोगे तो तुम्हारा भी हित होगा। तुम सब ईश्वर विश्वासी बनो। बच्चों वाले विचार छोड़कर नेक अमल, सतकर्म धारण करें।

तृष्णा महारोग

1. जीव शरीर रूपी संसार को धारण कर, हर समय तृष्णा की आग में जलता रहता है। जब तक तृष्णा का रोग लगा है, शान्ति नहीं मिल सकती। पांच तत्वों से बना हुआ यह शरीर तृष्णा का सागर है। जितनी तृष्णा अधिक है, उतना ही कष्ट अधिक है। जितनी तृष्णा कम है, उतना ही सुख है।

2. प्रत्येक जीव को तृष्णा-रूपी रोग लगा हुआ है। तृष्णा की पूर्ति के लिए धनी-निर्धन, राजा-रंक सभी दिन-रात लगे रहते हैं। अनेक प्रयत्नों के बावजूद यह रोग बढ़ता ही जाता है।

3. तृष्णा की आग की तपन पल-पल बढ़ रही है। जन्म से मृत्यु तक सभी इसी में जलते रहते हैं। इस शरीर ने बहुत कुछ खाया-पिया, परन्तु तृष्णा समाप्त न हुई –

अधिक धन प्राप्त कियो, अधिक पाया परिवार ।
मान मद पाई बहु कीर्ति, पर मिटे न मन अंधकार ॥

बड़े बड़े यल-प्रयल किए, राजा-महाराजा, चक्रवर्ती भी बन गए, परन्तु अन्त में व भी प्यासे और निराश ही गए। विवेकी पुरूषों ने विचार करके जाना कि सत् स्थिति प्राप्त होने पर दशा यह हो जाती है कि न किसी वस्तु के मिलने पर हर्ष होता है, न बिगड़ने पर विवाद होता है।

4. वास्तविक इच्छा है - अखण्ड शांति की । परन्तु जितने भी पुरूषार्थ हो रहे है। उनसे अशांति बढ़ रही है। मूर्ख जीव देवी-देवताओं के पीछे भाग रहा है। उसे पता नहीं है कि उसके कर्म ही ठीक नही। देवी-देवता उसे कैसे बचा सकते हैं। महापुरूषों ने विचार करके जाना कि तृष्णा ही सबसे बडा रोग है। यह वह आग है जो ठंडी होने की बजाए अधिक भडकती जा रही है। सभी इस रोग में ग्रस्त है। जिस

उसी प्रकार भोग-विलास में फंसे लोग अंत से अपरिचित रहते हैं।

5. शहर वाले कहते हैं - गांव वाले सुखी हैं। गांव वाले समझते हैं-शहरी बड़े आराम से रहते हैं। वास्तव में दोनों को ही शान्ति नही। जितनी आशा-तृष्णा बढ़ती है उतनी ही अशान्ति बढ़ती है। आज सुख मिलेगा, कल मिलेगा - इसी आशा में जीव निरन्तर प्रयत्न करता हुआ सांसारिक भोग भोगता है। उन विषय-भोगों रूपी घी से तृष्णा की अग्नि और भी भड़क उठती है। इस आग में पडकर आज तक कोई भी जीव सुखी नही हुआ। चाहे लाख वर्ष की आयु क्यों न मिल जाए, अन्त में तो इस संसार से खाली हाथ ही जाना पड़ता है। आखिरी समय कोई चीज सहायक नहीं होती।

6. संसार यातना का सागर है। सभी जीव अपनी प्यास बुझाने के लिए दिन-रात भटक रहे हैं। अनेक महापुरूषों ने इस सम्बन्ध में खोज की तो उन्हें अनुभव हुआ कि जीव तृष्णा- रूपी रोग में इतना डूब चुका है कि उसे सही विचार करने का अवसर ही नहीं मिलता । माया का इतना घना अंधेरा छाया हुआ है कि बडे-बडे धनी, ज्ञानी तक धैर्य प्राप्त नहीं कर पा रहे। बिना सत् ज्ञान के प्रभु की माया का ओर-छोर नहीं जाना जा सकता। माया के मोह में जीव की तृष्णा और परेशानी समाप्त नही होती। महापुरूषों ने बताया कि संसार की चहल-पहल केवल चार दिन की है। सदा एक-सी दशा किसी की नहीं रही।

7. पश्चिम वाले भोगों की सामग्री को एकत्र करने में सुख मानते हैं और उसी की तृष्णा में दिन-रात एक करते रहते हैं। यही तृष्णा, अर्थात् भोगवाद की समृद्धि आपसी कलह और युद्ध के लिए उकसाती है।

तृष्णा माहीं जग आए, तृष्णा माहीं जग जाएँ, ।
अनेक भोग प्राप्त पाए तो भी धीर न पाएँ ॥

नित-नित मन भटकत फिरे धार के अद्भुत माया ताप,
पलक न पाएँ शान्ति, कोटि जतन कर मर जाता ।।

नाना प्रकार की सामग्री एकत्र करके भी, जीव को अन्त में यह संसार छोड़ना ही पड़ता है। यद्यपि शरीर बन-बनकर समाप्त हो जाते हैं किन्तु जीव की इच्छाएं पूरी नही होती। हर रोज वह नये-नये खेल रचता है। शरीर की कैद में बुद्धि सत् विचारों को धारण नहीं करती, इन्द्रियों के भोगों के पीछे दौड़ती रहती है। जो बुद्धि इन्द्रियों के सुख के निमित्त अनुकूल प्रतिकूल कर्म करती है वह चंडाल बुद्धि है। अपने सुखों के लिए दूसरों को दुःख देने वाला जीव किसी का मित्र नहीं होता। अपने ही दाव में रहता है। जब तक भेद- बुद्धि बनी हैं, तब तक स्थायी सुख-शांति सम्भव नहीं।

8. जीव जैसा प्यासा आया है वैसा ही प्यासा चला जाता है। असली रोग क्या है –

तृष्णा अग्नि लागी मीता, पल-पल करे अंगार ।
सत सील होवे नहीं, कोटिक करे विचार ।।

9. सौ वर्ष की आयु के बाद भी मनुष्य ज्योतिषियों के पीछे भागता है, मानो वे उसकी आयु बढ़ा देंगे। परन्तु बकरे की माँ कब तक खैर मनाएगी ? भोजन के पदार्थों में एक चटनी ही कम हो तो बुरा लगता है? जब शरीर ही छूटेगा तो कितना दुःख होगा ?

10. महापुरूषों ने कहा है कि निर्णय यही है कि प्रत्येक जीव अपनी शारीरिक कामनाओं में जकड़ा हुआ है और उन्ही कामनाओं को पूरा करते-करते यह शरीर समाप्त हो जाता है। यह जीव निराश ही जाता है।

11. देखना यह है कि जिस सुख की इच्छा जीव भीतर से करता

है उसका वास्तविक स्वरूप क्या है? और दुःख जो उसे भीतर से करता है उसका वास्तविक स्वरूप क्या है? और दुःख जो उसे प्राप्त हो रहा है, वह क्या है?

साधारण मनुष्य अपने अन्दर दुःख का विचार न करके दूसरों के सुखों को देखते रहते हैं इससे उनके मन में हर समय सुखों की तृष्णा बढ़ती जाती है और उसे विचलित करती है-

तृष्णा तुल नहीं कष्ट है मीता, जो पलक न धीरज देही ।
राजे राणे गुणी सयाने, नित संकट को लेहीं ॥

तृष्णा को शांत करने के लिए लोग बड़े-बड़े आडम्बर रचते हैं। धन, वैभव, सम्पदा परिवार आदि बढ़ाते हैं। फिर भी जीव आठों पहर तृष्णा की आग में जलता रहता है। यह एक ऐसा असाध्य रोग है जिसमें कायर और शूर सभी पिस रहे हैं। गुणी पुरूषों ने विचार कर अनुभव किया कि शारीरिक सुखों या ऐश्वर्य की अधिकता से यह रोग शांत नही हो सकता । यह रोग भयंकर विष वासुकि नाग की तरह भीतर जलाता-तड़पाता है।

तृष्णा की आग सबके अन्दर भड़क रही है। सभी को जला रही है। यह रोग दृश्यमान नाना प्रकार के पदार्थों को घुन की तरह खा रहा है।

प्रभु प्रार्थना की आवश्यकता एवं महत्व सम्बन्धी सूक्तियाँ

1. कुछ लोगों का कहना है कि निष्काम भाव से की गई प्रार्थना ही सच्ची प्रार्थना है। कोई चुपचाप मन से प्रार्थना करता है, कोई घन्टा घड़ियाल बजा-बजाकर और चिल्ला-चिल्लाकर, कोई दिन में तीन मर्तबा आसन लगाकर, कोई पाँच दफा उठ-बैठ कर, कोई गिरजों में सिजदा करके, कोई साकार द्वारा तो कोई निराकार द्वारा।

क्या सचमुच प्रार्थना से कोई लाभ है और यदि है तो किस प्रकार प्रार्थना की जावे। यह विषय जबरदस्ती मनवाने या तर्क-वितर्क द्वारा सिद्ध करने का नहीं है क्योंकि इसका सीधा सम्बन्ध आत्मा से है। आत्मा जितनी श्रेष्ठ होगी उतना ही आनन्द प्रार्थना में आयेगा।

2. प्रार्थना आत्मा की सच्ची पुकार :

प्रार्थना करना याचना करना नहीं वह तो आत्मा की सच्ची पुकार है। जब हम अपनी असमर्थता खूब समझते हैं और सब कुछ छोड़ कर ईश्वर पर भरोसा करते हैं, तब उसी भावना का फल प्रार्थना है। प्रार्थना या भजन जीभ से नहीं हृदय से होता है। इससे गूंगे, तुतले, मूढ़ सभी प्रार्थना कर सकते हैं, जीभ पर अमृत हो और हृदय में हलाहल हो तो जीभ का अमृत किस काम का ? कागज के गुलाब से सुगन्ध कैसे निकल सकती है।

3. प्रार्थना से अन्तर्भात्मा की शुद्धि :

प्रार्थना करने का उद्देश्य ईश्वर से सम्भाषण करना एवं अन्तर आत्मा की शुद्धि के लिये प्रकाश प्राप्त करना है ताकि ईश्वर की सहायता से हम अपनी कमजोरियों पर विजय प्राप्त कर सकें। अगर प्रार्थना मन से न हो तो सब व्यर्थ है। प्रार्थना से जो कुछ बोला जाता है, उसका मनन कर अपने जीवन को वैसे ही बनाने का प्रयास करना चाहिए। तभी उसका पूर्ण लाभ है

4. प्रार्थना-जीवन अमृत :

मुझे रोटी न मिले तो मैं व्याकुल नहीं होता, प्रार्थना के बिना मैं पागल हो जाऊँगा। प्रार्थना भोजन की अपेक्षा करोड़ गुनी ज्यादा उपयोगी चीज़ है। खाना भले ही छूट जाये, लेकिन प्रार्थना कभी न छूटनी चाहिए। प्रार्थना तो आत्मा का भोजन है यदि हम पूरे दिन ईश्वर का चिन्तन किया करें तो बहुत ही अच्छा, पर चूंकि यह सबके लिए संभव नहीं, इसलिए हमें कम से कम कुछ घण्टों के लिए ईश्वर स्मरण करना ही चाहिए।

5. प्रार्थना सुख-शान्ति का साधन :

परलोक की बात तो जाने दीजिए, इस लोक के लिये भी प्रार्थना सुख-शांति देने वाला साधन है। अतएव यदि हमें मनुष्य बनना है तो हमें चाहिए कि जीवन को प्रार्थना द्वारा रसमय और सार्थक बना डालें इसलिए मैं आपको सलाह दूंगा कि आप प्रार्थना से भूत की तरह लिपटें रहें। (महात्मा गांधी)

6. जब तुम प्रार्थना या भजन करो तो पाखंडियों की तरह उसका दिखावा न हो। ऐसे लोगों को सभाओं में, सड़कों पर और भीड़-भाड़ में प्रार्थना करना अच्छा लगता है ताकि दूसरे देखें और कहें कि यह भक्त है। मैं सच कहता हूँ कि ऐसे लोगों को उनकी प्रार्थना और भजन का फल कुछ न मिलेगा जब तुम प्रार्थना करो तो किसी कोठरी में छिपके करो, उसका द्वार बन्द कर लो। निश्चय कर लो कि तुम्हारा पिता वही है, वह तुम्हारी आवाज़ सुन रहा है और उसका फल अवश्य देगा। (ईसा मसीह)

7. जब भी प्रार्थना करो तो लोगों को दिखाकर, रास्तों के पास या मन्दिर के चबूतरे पर बैठ कर मत करो। बल्कि एक बन्द कमरे में बैठ जाओ और इसका दरवाजा अन्दर से बंद कर लो फिर अपने पिता से एकान्त में बातें करो। प्रार्थना करते समय अपने वाक्यों को बार-बार न दोहराओ। अज्ञानी,
!

लोग यह समझते हैं कि अधिक बोलने से परमात्मा उनकी जल्दी सुनता है। भले मानुष ! तेरे पिता को तेरी आवश्यकताओं का बहुत अच्छी तरह ज्ञान है। तेरी जबान पर आने से पहले ही वह तेरे विचारों को जान लेता है। इसलिए निम्नलिखित प्रार्थना किया करो - "ऐ परम पिता परमात्मा ! तेरा नाम संसार में सबसे अधिक पवित्र है। मेरे अन्दर तेरा ही राज्य हो और मैं तेरे ही अन्दर निवास करूँ। मैं केवल यही चाहता हूँ कि तेरी मर्जी ही मेरे अन्दर और समस्त संसार में पूर्ण हो। हमें शरीर के लिए प्रतिदिन रोटी और बुद्धि के लिये आध्यात्मिक खुराक प्रदान कर। हम किसी के कर्जदार न हों, हमें बुराई और पाप से बचा। हम तेरी बादशाहत को ही अपने अन्दर प्राप्त करें। ऐ पिता ! तू सर्व शक्तिमान है और यह सब तेरा ही जहूर और शान है।"

धर्म का वास्तविक स्वरूप एवं लक्षण

1- सत् को धारण करना आवश्यक है। जिस सत् के आधार पर शरीर स्थित है, सुन्दर प्रतीत हो रहा है, उसी का सहारा लेकर निर्मल कर्म करने चाहिए जिससे मन को शान्ति और शीतलता प्राप्त हो। जब मन में नम्रता आती है तथा वह पर-सेवा में प्रवृत हो जाता है तब शरीर मोह छूट जाता है तथ सत्-स्वरूप जीवन-शक्ति का अनुभव होता है। उसको समझने का यत्न करो, सत् को धारण करो। सत्पुरुषों के जीवन से यही शिक्षा मिलती है। नश्वर शरीर की वास्तविकता पहचानकर, स्वार्थ छोड़कर और प्रभु-परायण बनकर, अपने सुख दूसरो में बाँटना ही सच्चा धर्म है। अतः सबसे प्रार्थना है कि इन शुभ विचारों को धारण करके जीवन सदाचारी बनाएँ। यही धारण ही धर्म है। ईश्वर सबको सुमति प्रदान करे।

2. अपने भीतर झाँको। शारीरिक सुख अपूर्ण हैं। इन्द्रियों के स्वाद छोड़ो। सादा पहनो, पवित्र खाओ। आवश्यकताएं कम करो। इससे आचरण श्रेष्ठ होगा। कर्म की धारणा अपने आप आएगी। अपने सुख दूसरो मे बांटकर प्रसन्नता अनुभव करो। जितना अपने शारीरिक सुख का परित्याग करोगे, उतना ईश्वर के निकट पहुँचोगे..... ईश्वर परायण होकर, दूसरों के दुःख दूर करने क लिए अपने शारीरिक सुखों को समर्पित कर देना ही सच्चा धर्म है। इस वास्तविक धर्म को पहचानने वाले ही सच्चा आनन्द अनुभव करते हैं। ईश्वर देवी-देवताओं की पूजा से नहीं मिलता, वनों में नहीं मिलता, वह तो कर्तव्य निभाने से मिलता है। कर्तव्य पालन करना ही धर्म है। सभी धर्म शास्त्र कर्तव्य परायणता का संदेश देते हैं।

राजनीति अन्धी है। धर्म सही दृष्टि प्रदान करता है। धर्म का अभिप्राय है - अपने सुखों को दूसरों के लिए समर्पित करना। मात्र सुनने से कुछ नहीं बनता। लाभ आचरण और व्यवहार में है। ईश्वर सबको सुमति प्रदान करें जिससे सही निश्चय को धारण करके अपनी और देश -जाति की उन्नति कर सकें।

3. धर्म तो यह है कि जीवन में हर प्रकार की पवित्रता हो। दीन-दुखियों की सेवा में प्रवृति हो। परस्पर प्रेम हो। प्रत्येक जीव को ईश्वर रूप समझा जाये या आत्मवत् देखा जाये।

4. धर्म की धारणा ही ऐसी है जिससे सांसारिक विकारों से मुक्ति मिले, ऐसी धारणा को ही धर्म का रूप जानो। पवित्र आहार, मधुर वाणी, सादा वेश, सत-भाषण, निष्काम सेवा, सत्संग, स्मरण - यही शुभ गुण धर्म का स्वरूप है। जो मनुष्य से देवता बनाने वाले हैं।

5. (प्रश्न) हमारे हिन्दुओं में ही कितने धर्म हैं। कोई कुछ कहता है, कोई कुछ। समझ नहीं आती, किसकी बात मानी जाये ?

उत्तर : जीव दया और आत्म पूजा, तिस समान धर्म नहीं दूजा ॥

जो सब जीवों में अपनी आत्मा जानकर, सबकी सेवा करता है, मन-वचन-कर्म से किसी को दुःख नहीं देता, वही धर्म के स्वरूप का ज्ञाता है। इस प्रकार विचार करोगे तो धर्म का मार्ग अपने आप स्पष्ट हो जायेगा।

दुःख रूप संसार

1. शरीर धारी जीव की बुद्धि स्वभाव वश भोगों में गिरफ्तार रहती है। देखा जाए तो आम जीवों ने खाना-पीना, सोना, ऐश व आराम ही मानुष चोले का मकसद समझ रखा है।

2. यह शांति सुख इसी में समझता है कि ज्यादा से ज्यादा धन मिल जावे परिवार बढ़ जावे, माल इकबाल, कोठियां वगैरह हो जायें लेकिन जिनके पास सब साज व सामान है उनसे जाकर पूछो कहाँ तक उन्हें शांति मिली है। कोई न कोई संशय हर एक को अशांत बनाए रखता है।

3. प्रत्येक मनुष्य अपनी पाँच ज्ञानेन्द्रियों तथा पाँच कर्मेन्द्रियों द्वारा अपने सुखों की पूर्ति चाहता है परन्तु जिस शरीर के लिए वह इतना उद्यम करता है वह शरीर पल-प्रति-पल बदलता रहता है इसलिए जहाँ एक और पूर्ति होती है, वहां दूसरी और अभाव भी पैदा होता है। मनुष्य की बुद्धि वास्तविक शान्ति की तड़प को समझने में असमर्थ है।

4. जो भी जीव संसार में शरीण धारण करके आया है उसे तीन ताप, अर्थात् आधि (मानसिक दुःख), व्याधि (शारीरिक दुःख) और उपाधि (बाहरी दुःख जो अचानक आ जाते हैं) सता रहे हैं। चौरासी लाख प्राणी इन्हीं तीनों रोगो में से किसी न किसी से ग्रस्त हैं। अन्य योनियों को छोड़ कर इस मनुष्य जीवन पर विचार करे। इस शरीर को प्राप्त करके प्रत्येक जीव दिन-रात सुख पाने का यत्न कर रहा है।

5. चक्रवर्ती राजे भी लाचार हैं, भिखारी भी लाचार हैं, परिवारी भी तंग है, बूढ़े आदमी हाय-हाय कर रहे हैं। जवान उससे ज्यादा दुःखी हैं, शोर मचा रहे हैं। बच्चे अनायुक्त हालात को धारण करके रो रहे हैं। तसल्ली किसी को भी नहीं । जीव शरीर की ममता में फंसा हुआ शरीर की कायमी के तरीके सोच रहा है और खुश हो रहा है। मगर जब जानता है कि शरीर खत्म हो जावेगा और बाकी कुछ नहीं रहेगा, उस वक्त सोचता है कि क्या हालत होगा। जितना यत्न-प्रयत्न संसार में करता है, तृष्ण बढ़ती जाती है, शरीर घटता जाता है, आखिर अशांत ही इस दुनिया से जाता है। आया था लेने के वास्ते लेकिन यहां आकर डूब गया। न अपना भला, न देश का भला न कौम का भला ।

6. क्या जवान, क्या बूढ़ा, क्या रोगी, क्या जोगी - सभी सुख की खोज में लगे हैं, परन्तु सुख को जानते-पहचानते नहीं । कुछ लोग सोचते हैं कि यदि इस समय शांति नहीं तो पुत्र प्राप्त होने पर शांति मिलेगी। पौत्र भी हो जाता है, तब भी शांति नहीं मिलती। तब प्रश्न यह है कि शांति है कहाँ ?

7. शारीरिक उन्नति की खातिर बड़े-बड़े यत्न करता है, नौकरी करता है, कोयला बेचता है, खरीद-फरोख्त करता है। पुलिस से दोस्ती बनाता है, अफसरों से मुलाकात करता है, कोशिश करता है कि एम.एल.ए. बन जाये। दिन-रात यत्न कर रहा है, मगर शांति एक लम्हा भी नहीं । रात को भी तजवीजें सोच रहा है कि कैसे पैसा हासिल हो । यह अति कृपण हालत है ।

हर वक्त जलता रहता है। धन वगैरह इकट्ठा किया, खजानें का मालिक बन गया, लेकिन दिल को तसल्ली नहीं, यही जहालत है, मरना उसको याद नहीं, उसका धर्म-कर्म जीवन गर्ज है। आखिर सब कुछ छोड़कर चला जाता है।

8. हर समय नई से नई आशाऐं बनी रहती हैं। मनुष्य सोचता है कि यदि सुख नहीं है तो अमुक वस्तु मिलने पर सुख होगा परन्तु जब वह वस्तु मिल जाती है तब भी वह सुखी नहीं होता, बल्कि तृष्णा और भी बढ़ जाती है। जब कोई वृद्ध मरने लगता है तो सम्बन्धी कहते हैं कि "लाला जी ! कहो हरे राम !' सारी उम्र तो लाला जी उसके लिए अंधेरा खोजते रहे, तृष्णा में उलझे रहे, अब कहते हैं- हरे राम कहो। अब कहने से क्या होगा ? जो सोचते हैं उन्होने समझ लिया कि यह शरीर एक दिन छोड़ना है। इसके साथ हर समय का लगाव ठीक नहीं। सौ वर्ष की आयु के बाद भी मनुष्य ज्योतिषियों के पीछे भागता है मानो वे उसकी आयु बढ़ा देंगे परन्तु बकरे की माँ कब तक खैर मनाएगी ? भोजन के पदार्थों में एक चटनी ही कम हो तो कितना बुरा लगता है? जब शरीर भी छूटेगा तो कितना दुःख होगा।

9. आप कितना भी प्रयत्न करें कि यह शरीर सदा बना रहे परन्तु यह अवश्य समाप्त होगा और इसमें सुख भी नहीं मिलेगा। राजा जनक को जब ज्ञान दिया गया तो कहा गया कि हे राजन् ! जो तू कहे कि मैं सुखी हूँ या दूसरे सुखी हैं यह गलत है। जब कोई सेठ दूसरे सेठ से

मिलता है तो पूछता है - 'लाला जी, क्या हाल हैं ?' उत्तर में वह कहता है - 'बहुत अच्छा है।' परन्तु थेड़ी देर बाद ही यह कहने लगता है - 'क्या अच्छा है, गुजारा नहीं होता, बच्चा बीमार है, मुकदमा चल रहा है, मकान गिर रहा है...' इत्यादि । वास्तविकता यह है कि वास्तव में कोई सुखी नहीं है। सबको सुख की तलाश है। सब ने अपनी-अपनी बाजी लगा रखी है। कोई सिनेमा में सुख ढूंढता है, कोई मदिरा में, कोई गृहस्थ में परन्तु सभी अंधकार में भटक रहे हैं।

10. वास्तविक इच्छा है- अखण्ड शांति की । परन्तु जितने भी पुरूषार्थ हो रहे हैं उनसे अशान्ति बढ़ रही है। मूर्ख जीव देवी-देवताओ के पीछे भाग रहे हैं उसे पता नहीं कि उसके कर्म ही ठीक नहीं। देवी-देवता उसे कैसे बचा सकते हैं ?

11. जैसे वर्षा के कारण अनेक प्रकार की वनस्पतियां पैदा हो जाती हैं वैसे ही शरीर को अति सुख देने से दुःख प्रकट होते हैं। जरा किसी धनवान के जीवन की छानबीन करो । उसे बहुत दुःखी पाओगे । हकीम उसकी नाड़ी थामे खड़े हैं। शारीरिक सुख उसके लिए अति दुःख का कारण बन रहे हैं। अति सुख रोग पैदा करता है करोड़पति भी रो रहे हैं। सभी मुसीबत में फंसे हैं। हाहाकार कर रहे हैं। आत्मा भूखी है इसलिए जीव जो कुछ कर रहा है उससे शांति नहीं ।

12. जब तक आचार-विचार में सुधार नहीं होता, तब तक दुःखों से छुटकारा नहीं मिलेगा, बल्कि दुःख अधिक बढ़ते

ही जाएंगे। जब स्वार्थ बढ़ जाता है, अशांति भी साथ-साथ बढ़ जाती है, तमोगुण के बढ़ जाने से लोग आपस में कट-कट कर मरते हैं। सन्तों का काम तो समझाना ही है। यदि कोई समझ कर सही मार्ग अपना लेगा तो उसके स्वार्थ-परमार्थ दोनों बन जायेंगे। जब तक किसी के होकर न चलोगे, दोनों और से निराशा होगी। ईश्वर ही इस भयानक समय में सबको सुमति प्रदान करे।

सुख कैसे मिले ?

1. हर घड़ी, हर लम्हा अपनी बेहतरी का विचार करना चाहिए। कौन सी चीज त्यागने योग्य है और कौन सी ग्रहण करने योग्य है ? हर समय सत् शिक्षा सत्संग द्वारा हासिल करते रहना चाहिए। कुछ समय महापुरूषों की संगत में जाना चाहिए। जिस जगह आत्म-ज्ञान की चर्चा हो रही हो, जिनके संग से अच्छी-अच्छी युक्तियां प्राप्त होती हों। आलसी नहीं बनना चाहिए। जिस तरह संसार के कामों को होशियारी से करते हो जिनका नतीजा सिवाय राग-द्वेष के कुछ नहीं होता अगर इसी तरह सत पुरूषार्थ में समय दिया जाये तो सफलता पास ही है।

लाला दास गोबिन्द भज, आलस मनो विसार।
रछ पराया कारज आपना, वरत लियो दिन चार॥

2. इस संसार में ऐसे चलना चाहिए जैसे बाग की सैर को जाया जाता है। बाग की तब सिर्फ सैर का ही मकसद होता हे। लगाव किसी चीज से नहीं किया जाता।

3. गुजरान वाला प्रोग्राम बना कर चलना चाहिए यानि जो प्रोग्राम बनाओ वह जीवन रक्षा की खातिर तथा गैर जरूरी इच्छाओं को त्याग कर कर्म खर्च में चलने वाला होवे। अगर प्रारब्धवश ज्यादा धन प्राप्त हो तो उसे सत्कर्मों में खर्च करो और दीन-दुःखी, अनाथों में बांटो। प्रोग्राम को पालन करने में दलील से काम न लें। हर समय चित्त को दयावान बनाये रखना चाहिए।

4. जुबान के पक्के रहना चाहिए। किसी से कोई वायदा करो तो उसे हर कीमत पर निभाओ। अपने संकल्प-विकल्पों पर काबू पाने की कोशिश करें, फिजूल बोलना बन्द करें। मतलब हुआ तो कोई बात कर ली, बाकी समां अन्तर मुख होने की कोशिश करो। झूठ बोलना बन्द करें यानि झूठ न बोलने का व्रत रखें।

2. शारीरिक यानि तन की सफाई की हद मुकर्रर होनी चाहिए। मानुष जामें में जीव मानसिक शुद्धि के वास्ते आया है लेकिन भूल में पड़कर शरीर की सफाई सुथराई में लगा रहता है। इसलिए शरीर से ज्यादा दिल की सफाई कर चित को पवित्र करना ज्यादा

बेहतर है। फकीर या गुरमुख मन को पवित्र करने में लगे रहते हैं।

6. मानुष को चाहिए कि हमेशा वक्त की पाबन्दी में रहे।

7. जिस काम को करने से जमीर रोके, वो काम मत करें। उसको करने की सूरत में नुकसान होगा। सोच-विचार कर नेक काम करें।

8. स्वतन्त्र बुद्धि द्वारा नित सत् विचार धारण करें और सत्-आहार, सत्-व्यवहार और सत्-संगत धारण करते हुए जीवन कल्याण के मार्ग पर चल पड़ें।

9. किसी को हानि या दुःख पहुँचाने की कोशिश न करें। ऊँच-नीच के भाव को मन से निकाल देवें। जो प्रारब्ध कर्म अनुसार प्राप्त हो जावे उसमें प्रभु आज्ञा को मानते हुए सन्तोष धारण करें।

10. घर में बुजुर्गों की सेवा का लाजमी ख्याल रखो। सत्पुरूषों संत-महात्माओं की संगत में समय दें एवं अपने पुराने ग्रन्थों शास्त्रों का विचार करें।

11. दो घड़ी सुबह व शाम मालिक की याद, जैसी किसी गुरू ने बताई हुई है, प्रेम से करो।

12. ईश्वर विश्वास व चिंतन, आखिरत की याद (मृत्यु की याद) और परोपकार सेवन, यदि इन तीन बातों को नित्यप्रति याद करें तो कुछ अर्से में मनुष्य देवता बन जाएगा।

13. वास्तव में जीवन का सार यह है कि उसे मर्यादा से रखो। यह अन्त में दुःख रूप है, इसे सादा बनाओ। सादा भोजन करो, वाणिज्य व्यापार में भी ईमानदारी का बर्ताव करो। जितने भी महापुरूष हुए हैं उनके शरीर तो तुम्हारे समान ही थे केवल उनके उच्च कर्मों ने ही उन्हें महापुरूष बनाया। जो हर समय अपने शरीर के साज-श्रृंगार में ही लगे रहते हैं वे दूसरे का हित कैसे कर सकते हैं ? शरीर के पिंजर की पूजा मत करो। पूजा उसकी करो जो उस शरीर के भीतर विद्यमान है, जो इसे चला रहा है।

14. अपने सुखों को दूसरों की सेवा में लगाना, सतपुरूषों के

बचनों पर आचरण करना, सत्संग द्वारा विवेक-बुद्धि को जागृत करना, शरीर की पूजा की बजाय इसके सिरजनहार को पहचानना और पूजना यही सांसारिक विकारों की अग्नि को शान्त करने के उपाय हैं।

15. सब चीजें पराई जानो। अपना कुछ न समझो । सिर्फ सतगुरु को अपना जानो क्योंकि सब परिवारी अपने-अपने मतलब के हैं जोकि जीवन को हर समय अंधेरे की तरफ ले जाने का कारण बनते हैं।

16. सांसारिक धन, परिवार, महल, अटारियां वगैरह हमेशा रहने वाला सुख नहीं दे सकते इसलिए जो जीव इनको प्राप्त होने पर इनको प्रभु की दात समझता है उसके लोभ, मोह आप ही कम हो जाते हैं।

17. अपना भाव ठीक रखना चाहिए। मोटी बात यह है कि सबसे प्रेम भाव रखना, किसी से द्वेष न करना, जहां तक हो सके तन, मन से दुखियों की सेवा करनी, अच्छे महापुरूषो को देखकर खुश होना और सेवा करना, पापी जीवों को देखकर नफरत विरोध न करना बल्कि उदास होना/उनके लिए चित से प्रार्थना करनी : "ईश्वर इनको सुमति देवे।" निन्दा किसी की नहीं करनी, सत्संग सत् सिमरन में लगे रहना । यही सत् धारणा किसी समय परमगति की तरफ ले जायेगी इसी तरह विचार करते रहा करो ।

18. तुम्हारा भला दूसरे के भले में है। अपनी जिन्दगी की वृद्धि चाहते हो तो दूसरों की वृद्धि करो। जो दूसरे का विरोधी है उसको शांति नहीं मिलेगी, आराम नहीं मिलेगा। अगर तू दूसरे के नाश का यात्न करेगा तो तेरा अपना नाश होगा। ईश्वर शक्ति सबमें विचर रही है जब कुदरत में तफरीक (भेदभाव नहीं तो तू भेदभाव क्यों करता है। तंगदिली किसी मेराज पर नहीं पहुँचने देगी ।

19. अपनी रोटी में से अतिथि, अभ्यागत, यतीम, अनाथों को दे, तेरे भण्डार भरे रहेंगे । आत्मा जैसा तुम में प्रकाश कर रहा है वैसा दूसरों में भी प्रकाश कर रहा है।

20. ऐसी जगह को त्याग देना चाहिए जिस जगह प्रभु की महिमा 30 विचार न हो। ऐसे साथियों को छोड़ देना चाहिए जिनके अन्दा प्रभु चरणों की प्रीत नहीं, ऐसे रिश्तेदारों को छोड़ देना चाहिए, जिनका हर वक्त भोगमयी जीवन संसारी है। झूठ बोलने वाले से तथा दूसरो की एबजोई करने वालों से, डरपोक व लालची लोगों से भी सदा परहेज करना चाहिए।

21. बुद्धि को संसार के बनाने वाले में लगा देने से काम बन जाएगा। जो सुनते हो उसका विचार किया करो। खाली सत वचन कर देने से काम नहीं हो जाता, सत शांति, शरीर, मन, इन्द्रियों की गुलामी में नहीं। मन पर जब सवारी करोगे, तब सुधार होगा।

22. कर्म गति का हर समय विचार करना चाहिए। अपने कर्म शुद्ध करो। तेरा पाप तुझे नाश कर देगा। अपने प्रारब्ध कर्म आप ही बनाने वाले हो। आज के आपके शुभ-अशुभ किये हुए कर्म आने वाले समय में प्रारब्ध कर्म बन जाते हैं इसलिए सही सोच और सही कोशिश करो ताकि सही नतीजा निकले। मर्यादा का जीवन बनाकर चलोगे तो ईश्वर की याद भी बन जायेगी। अगर रोग का इलाज तो किया मगर बद परहेजी भी कायम रखोगे तो सेहत कैसे हो सकती है ? ईश्वर ने बुद्धि दे रखी है। बुद्धि से सही सोचकर सतकर्म करोगे और सत-सिमरन में भी लगोगे तो दुःख, अशांति और चंचलता दूर हो जायेगी। गुरू पीरों की शिक्षा लेकर चलोगे तो शांति ही शांति मिलेगी। देखा-देखी अगर तुम भी गुरू पीर अवतारों का सत्कार करके सिर्फ धूप, दीप से सेवा करने लग जाओगे और जो वे कह गये हैं उस पर अमल नहीं करोग तो ना तो यह लोक सुधरेगा और ना ही परलोक ही। सुख से भी महरूम (वंचित) रहोगे। ईश्वर सबको सुमति देवे। सुबह इधर से चले जाना है। जो कुछ सुना है उसको दिल में जगह देना। फकीरों के पास यही धन है जो दे रहे हैं। जो भी इनके वचनों पर अमल करेगा लाभ प्राप्त करेगा। सूरज का काम है रोशनी देना। इससे कोई फायदा उठाये या न उठाये यह उसके भाग्य हैं। ईश्वर कृपा करे एवं सबको सद्बुद्धि प्रदान करे।

सत्संग का लाभ व स्वरूप

स्मरण रखो, जीवन-कल्याण का एकमात्र उपाय सत्संग ही है। सत्संग में आने से ही बन्धन और मुक्ति के भेद का पता चल सकता है। संसार में जीव क्यों आता है? माया क्या है ? ईश्वर क्या है ? 'मैं' कौन हूँ? शरीर के नाश के पश्चात् जीव कहाँ जाता है ? इन सभी जिज्ञासाओं का समाधान सत्संग में सम्भव है। राग-रंग में मस्त रहकर ये बातें नहीं जानी जा सकती। संसार का श्रेष्ठतम महाकार्य सत्संग ही है । मेरा वास्तविक स्वरूप क्या है ? इस गुह्य भेद को समझने के लिए सत्संग अर्थात् सत्पुरूषों की संगत आवश्यक है। वही महापुरूष ही इन रहस्यों को समझा सकते हैं जिन्होने अपने व्यावहारिक आचरण द्वारा पहले आत्म-तत्त्व को पहचाना, फिर सर्व-कल्याण के लिए उसे दूसरों को समझाया ।

सत्संग क्या है ? सच्चे अर्थों में सत्संग उसे कहते हैं जहाँ ईश्वर महिमा का विचार हो। संसार क्या है ? जीव शरीर धारण करके किस प्रकार दुख-सुख प्राप्त करता रहता है ? अंत में इसे छोड़कर वह कहाँ चला जाता है ? यह दुनिया का खेल क्या है.....? ऐसे सभी प्रश्नों की वास्तविकता को समझने समझाने का जहाँ विचार हो उसे सत्संग कहते हैं।

शरीर रूपी संसार को धारण करके जीव दिन-रात अपनी कामनाएं पूरी करने के लिए भटक रहे हैं किन्तु अनेक सुख भोग प्राप्त होने पर भी उन्हे संतोष नही है, शांति नही है। उल्टे, भोगों की लालसा और बढ जाती है। जीव जन्म से लेकर मृत्यु पर्यन्त अपनी कामनाओं की पूर्ति के लिए अनेक भले-बुरे कार्य करता है और चाहता है कि उसके मन को शांति मिले, पर मिलती नही। प्रकृति के 25 गुणों अथवा तत्त्वों का यह ढांचा (शरीर) उसे अनेक प्रकार के नाच नचाता है। सभी साधन करके थक जाने के बाद वह

चारपाई पर जाकर लेट जाता है और सारी सुध-बुध भूल जाता है। सत्संग में जाकर उसे सत विचार मिलते हैं वहाँ जाकर उसे पता चलता है कि वास्तव में यह शरीर क्या है ? इसके भीतर कैसा खेल हो रहा है ? कैसे यह ढांचा बन बिगड़ रहा है ? यह किस शक्ति के सहारे खड़ा है ? उसके भीतर बोलने वाला तत्त्व क्या है ? सुख और दुख का अनुभव इसके अन्दर कौन करता है ? इन प्रश्नों की ओर, सत्संग में गए बिना जीव का ध्यान ही नही जाता, बल्कि उसकी इधर-उधर की भागदौड़ में वह असली खोज के मार्ग से भटक जाता है। सारी शक्ति नश्वर शरीर के पालन-पोषण में नष्ट कर देता है।

सभी जीवों में मनुष्य की बुद्धि सर्वश्रेष्ठ है। इसलिए इसे सभी प्राणियों मे शिरोमणी माना गया है। कारण, इसी मनुष्य शरीर द्वारा ही जीव आवागमन से मुक्ति का उपाय कर सकता है। वैसे तो सभी जीव अपने-अपने साधनों से कुछ न कुछ उपाय करते रहते है । कोई पूजा पाठ भक्ति करता है, कोई देवी-देवता, गुरू-पीर मनाता है। परन्तु इसमें अधिकतर उद्देश्य स्वार्थ की पूर्ति करना होता है । कोई न कोई कामना ही उसके मूल में रहती है। इसीलिए अशांति कम नही होती । इसके लिए आवश्यक है कि मनुष्य सत्संग में जाकर पहले सत्-असत् का विवेक प्राप्त करे, फिर दृढ विश्वास से उन पर विचार करे। तब चित्त निर्मल और शांत हो सकता है ।

सत्संग में जाकर यह विवेक प्राप्त होता है कि जो भी पदार्थ इस संसार में दिखाई दे रहे हैं वह सब प्रतिपल परिवर्तनशील हैं। जो पदार्थ उत्पन्न होकर नष्ट हो जाता है, समय-समय पर बदल जाता है, असत् रूप है। ये शरीर भी हड्डी, माँस, मज्जा और कई जोड़ो से बने हुए हैं। सफेद, काली, लाल चमड़ी का आवरण इन पर चढा हुआ है जीव इन्हे देखकर मोहित होते रहते हैं। तनिक

ध्यान से विचार करें तो स्पष्ट हो जाएगा कि इसके भीतर कितनी मलिनता भरी है ? उस पर गहराई से विचार करते ही इससे घृणा होने लगेगी। सत्संग से यह पता चलता है कि कैसे इस शरीर के जोड़ ढीले हो रहे हैं, इसमें निरन्तर ह्रास हो रहा है और यह नाश की ओर बढ रहा है। अतः इसका मोह मिथ्या है, दुखदायक है। शरीर में जो अनेक वासना विकार हैं उनकी पूर्ति के लिए जीव प्रयत्न करता है परन्तु कोई भी कामना पूर्ण नही होती, अधिक बढती रहती है, तृप्ति मिलती नही । कोई-कोई गुणी पुरूष ही इस रहस्य को जानने की चेष्टा करता है और जान पाता है कि इस संसार को बनाने वाला भी कोई है। इस रहस्य को सत्पुरूषों ने जाना और लोगों को बतलाया। मनुष्य शरीर इसी सार तत्त्व को जानने के लिए मिला है जिन्होने इसे जान लिया उन्होने जीवों को माया की नींद से जगाने के लिए सत् उपदेश दिए कि सत् स्वरूप आत्मलीनता ही वास्तविक शांति का साधन है। असंख्य सुख-भोगों और भौतिक पदार्थों के स्वामी को संसार में बुद्धिमान समझा जाता है परन्तु संतो की दृष्टि में वह अंघमति ही माना जाएगा। जिसे न तो यह ज्ञात है कि वह कहाँ से आया है और कहाँ जाएगा, जन्म मरण का रहस्य क्या है ? वह केवल अपनी उदर पूर्ति में लगा हुआ है-और यही सबसे बड़ी मूर्खता और ज्ञानहीनता है। सत्संग द्वारा सत्पुरूष बतलाते है कि अपने आप को समझो । इस संसार को देखकर, इसे बनाने वाले का विचार करो। सोचो कि बड़े-बड़े धनी-मानी, राजा-महाराजा कहाँ गए ? स्वार्थ के निमित जीव अनेक सम्बन्ध बनाता है परन्तु वियोग के समय दुखी होता है अतः संसार से विदा होने से पहले सत्य की पहचान कर लो। जिस सत्य को प्राप्त कर गुरू, पीर, अवतार, देवी, देवता बने, ध्रुव-प्रहलाद, भर्तृ हरि, गौरख, रामकृष्ण, कबीर, नानक जैसे संतो, भक्तों, सत्पुरूषों ने जिस सत् की महिमा गाई है उसी सत् को

जानकर तुम भी निष्काम आनन्द को प्राप्त करो। ईश्वर कहीं दूर नहीं। है। हर स्थान पर विद्यमान है। परन्तु यह जीव साधन ही नही करता, इसीलिए उसे सातवें आकाश पर समझता है।

सत्बुद्धि प्राप्त करने के लिए ऐसे स्थान पर जाओ जहाँ से पन को शांति मिले, स्वयं को जानने का उपाय ज्ञात हो। संसार में कैसे चलना है ऐसी सीख मिले। ईश्वर कृपा करें, इस भयानक समय में सत्बुद्धि प्रदान करें।

(जगाधरी नवम्बर 1953) सत्संग का वास्तविक अर्थ है सत्-स्वरूप की संगति। परन्तु ऐसी संगति कोई-कोई व्यक्ति ही कर सकता है। वही, जो नौ द्वारों की रसना से ऊपर उठ जाता है। यह परम उच्च कोटि का सत्संग है।

इससे दूसरे स्थान पर, मध्यम कोटि का सत्संग वह है जिससे सर्व साधारण जनता लाभ उठा सकती है। वह है - सत्पुरूषों के जीवन से सम्बन्धित अध्ययन, विचार और मनन और उनके गुणों के अनुकरण अथवा उनके सत् सिद्धान्तो पर आचरण की चेष्टा। अन्य सभी प्रकार के सत्संग निम्न कोटि के हैं।

मनुष्य का शरीर पाँच तत्त्वों से निर्मित है। शरीर के भीतर पाँच विकार स्थित है, अतः शरीर की संगति इन विकारों से है। दूसरे शब्दों मे शरीर का संग अपने आप से है अथवा उन सम्बन्धियों या मित्रों से जो शरीर या व्यक्ति के सम्पर्क में आते हैं।

शरीर की रचना जिन पाँच तत्त्वों के मिश्रण से हुई है उन्हीं का परिणाम रूप पाँच विकार है। आकाश से अहंकार, वायु से लोभ, अग्नि से क्रोध, जल से काम और पृथ्वी से मोह उत्पन्न होते हैं। शरीर का सम्पर्क जब सम्बन्धियों से अधिक हो जाता है तब मोह प्रबल हो जाता है। अन्य विकार भी साथ-साथ बढते हूँ। महापुरूषों ने इन विकारों से बचने के लिए गहरी खोज के बाद

अनुभव किया शरीर का संचालक जीवन स्वरूप सत्य तत्व है। यह शरीर प्राण के आधार पर जीवित है। इन प्राणों को जीवन देने वाली, अर्थात चलाने वाली शक्ति कोई और है जिसके निकल जाने पर शरीर, इन्द्रियाँ, प्राण- सभी निष्क्रिय हो जाते हैं। इस शक्ति को सत्पुरूषों ने सत् तत्व की संज्ञा दी है और शरीर की समस्त क्रियाओं को उसी के आधार पर चलाने का प्रयत्न किया, अर्थात त्याग वृति धारण करके जीवन को सेवा परायण बनाया तथा शुद्ध सात्विक आचरण धारण किया।

आप कहेंगे कि गृहस्थ जीवन में रहकर, मोह-माया के बिना काम नही चल सकता। कारण-बिना कारण क्रोध आना तो साधारण बात है यही स्थिति अन्य विकारों की है। इस सम्बन्ध में निवेदन है कि मोह-माया वही उचित है जो बच्चों के पालन-पोषण में सहायक हो। क्रोध वही उचित है जो गुरू द्वारा शिष्य को सत्मार्ग पर लाने की प्रेरणा दे। इस प्रकार की उचित दृष्टि हो तो ये विकार अहितकारक नही होते। जैसे-जैसे इन विकारों की अग्नि शान्त होती जाएगी, मन में धैर्य और संतोष का प्रवेश होगा। मन स्वयं अन्तर्मुखी बनेगा और समय पाकर अपने निज स्वरूप के साक्षात्कार में अवश्य सफल होगा। ईश्वर सभी सज्जनों को सुमति और शक्ति प्रदान करें।

ॐ

ब्रह्म सत्यम् **सर्वाधार**

महामन्त्र की महिमा

महामन्त्र

ओ३म् ब्रह्म सत्यम् निरंकार,
अजन्मा अद्वैत पुरखा सर्व व्यापक
कल्याण मूरत परमेश्वराय नमस्तं

शब्दार्थ

ओउम्	-	सर्व रूप ओंकार
ब्रह्म	-	अनन्त शक्ति परम तत्त्व
सत्यं	-	सदा एक रस
निरंकार	-	आकार से रहित
अजन्मा	-	जन्म से रहित
अद्वैत	-	केवल रूप
पुरखा	-	परम चेतन सत्ता
सरब-व्यापक	-	सब में व्याप्त
कल्याणमूरत	-	परमान्द स्वरूप और सरोत
परमेश्वराय	-	ऐसे परम ईश्वर, बड़े मलिक को
नमस्तं	-	नमस्कार हो !

यह महामंत्र तेरह अक्षरों का मंत्र है, जैसा कि पाठकों को विदित है गुरूदेव मंगत राम जी को तेरह वर्ष की आयु में उस समय प्रकट हुआ। जब वह तरेल नदी के किनारे समाधी में थे। इस मंत्र में ब्रह्म के साकार और निराकार सगुण और निर्गुण सर्वव्यापक और सर्वातीत-दोनों रूपों का वर्णन है। ओउम् से वाचित ब्रह्म ही चराचर जगत के रूप में प्रकट हुआ है - वही पिण्ड है और वही

ब्राह्मण्ड है। प्रत्येक वस्तु का आकार भी वही है और उस का आत्मा भी। वही गुण है और वही द्रव्य। इतना होते हुए भी वह सर्वातीत अद्वैतरूप है। उसी की शरण में जाकर जीव कल्याण को प्राप्त होता है। गुरूदेव का कहना है -

विश्व के पीर-पैगम्बर, वली और अवतारों मन्त्र दृष्टा ऋषियों, ज्ञानियों, संत महापुरूषों ने जो भी धार्मिक तालीम (शिक्षा) अपने शिष्यों को दी। इसका लबोलबाब अर्थात् निचोड़ (सार) उन्होने चन्द शब्दों और छोटे वाक्यों में इस तरह भरकर रख दिया मानो दरिया को कुजे में बन्द कर दिया हो। ऐसे वाक्य को आदि मंत्र, महामन्त्र या मूलमंत्र, कलमा इत्यादि कहकर पुकारा जाता है और उन महापुरूषों की तालीम (सिद्धान्त) इसी महावाक्य के चक्र पर घूमती रहती है। जिस तरह रथ का पहिया रथ की धुरी के आधार पर चक्र काटता रहता है। इसी कारण इसको बीज मंत्र या मूलमंत्र कहा जाता है। जैसे बीज से पहले अंकुर फूटता है, फिर शाखाएं, पत्तों इत्यादि निकल कर पेड़ की सूरत बन जाती है। बाद मैं फूल और फिर फल रूप में उस तालीम के सार तत्व की प्राप्ति हो जाती है।

वेदों में जैसे गायत्री मंत्र, उपनिषदों में महावाक्य, इस्लाम में कलमा शरीफ इत्यादि को जो पदवी हासिल है, वही पदवी इस समता रूपी तालीम (सिद्धांत) में इस महामंत्र को प्राप्त है। युग पुरूष महात्मा 'मंगत राम जी' महाराज ने समता सिद्धांत की विस्तारपूर्वक तालीम के सार को इस महामंत्र में भर दिया है। जिस तरह भगवान श्री कृष्ण जी ने गीता ज्ञान

के सार तत्व को 18वें अध्याय के 66 वें श्लोक में वर्णन किया है - है अर्जुन ! तू सब धर्मो का त्याग करके केवल मेरी शरण में आ जा। तुझे सब पापों से मुक्त कर दूंगा। तू शोक और संशय मत कर।

इसी प्रकार यह महामंत्र समता की तालीम का सार तत्व है और ज्ञान रूपी वृक्ष का अमृत फल। जिसका विधिपूर्वक मनन और निध्यासन करने से जीव के विकार, मल, विक्षेप आवरण आदि निवृत होकर समता रूपी ज्ञान प्राप्त होकर उसे परम आनन्द, अभय पद की प्राप्ति हो जाती है। ये तेरह अक्षर का महामंत्र समता रूपी ज्ञान की प्राप्ति का मूल साधन है। जिस तरह सप्त ऋषि ध्रुव मंडल की कीली के गिर्द चक्कर काटते रहते हैं। इसी तरह ये महामंत्र समता रूपी ज्ञान का "आधार" मात्र हैं और सब प्रकार की रिद्धि-सिद्धि के देने वाला है।

महामंत्र कब और कैसे प्रकट हुआ

ये मूल मंत्र श्री सद्गुरूदेव महात्मा मंगत राम जी के स्वयं कथनानुसार तीन दिनों में प्रगट हुआ। इसका वर्णन उन्होंने जून 1930 ई. में नखेत्र पर्वत (रियासत कश्मीर) पर एकान्तवास के दिनों में अपने सेवक भगत बनारसी दास के एक प्रश्न के उत्तर में दिया था।

आपका उत्तर था कि ये 13 वर्ष की उमर में एक दिन पानी के किनारे खड्ड में बैठे हुए थे (ये खड्ड तरेल नदी के नाम से प्रसिद्ध था और यह नदी महाराज जी के जन्म स्थान के निकट नीचे की ओर बहती थी)

जब पहले दिन इस महामंत्र के तीन अक्षर ॐ, ब्रह्म, सत्यम् प्रगट हुए और दूसरे दिन निरंकार, अजन्मा, अद्वैत पुरखा प्रगट हुए और तीसरे दिन सर्वव्यापक, कल्याण मूरत, परमेश्वराय नमस्तं। इन्हें (महाराज जी) स्वयं एक कागज पर नोट करते रहे। फिर जब जंगल में या एकान्त में बैठते, अथाह विचार अन्तर से प्रगट होते। लेकिन किसी के आगे बोलते नहीं थे। अकेले ही समय गुजरता था। जब समय आया, प्रभु आज्ञा से पहली दफा अहमदाबाद की तरफ जाना हुआ। तब महन्त 'रतन दास' ने कुछ सवाल किये। जिन पर कुछ बोलना हुआ। जोकि उन्होने लिख लिया। अब प्रभु प्रेरणा से तुमने मौज को बाहर निकाला है। लिखने वाले बनो। यहाँ किसी बात की कमी नहीं है।

इस महामंत्र की पूर्ण रूप में महिमा को अमृत वाणी में जनवरी 1942 में शाहपुर कंडी (जिला गुरदासपुर) के बाहर रावि नदी के किनारे एकान्तवास में भगत बनारसी दास की प्रार्थना पर स्वयं कलमबद्ध किया।

ये महामंत्र सद्गुरू देव जी की आज्ञानुसार संगत समतावाद के सत्संगों तथा हर शुभ-अशुभ कार्य के आरम्भ के पहले पाँच बार मिलकर

त्रियोदश अक्षर मंत्र यह, सरब सिद्ध दातार।
जो सिमरे नित प्रेम से, मंगल पाये अपार॥

वाणी से स्पष्ट है कि महामंत्र जगद्दीक्षा के रूप में अवतरित हुआ था। ईश्वर कभी शरीर रूप में प्रकट होकर जिज्ञासु का मार्गदर्शन करते हैं उस समय वे गुरू रूप होते हैं। कभी ऐसा समय आता है कि वे शब्द रूप परमेश्वर मंत्र रूप में अवतार लेकर जीवों की तपन बुझाते हैं। परन्तु ऐसी कृपा कभी-कभी ही हुआ करती है। ऐसे महामंत्रों में शक्तिपात की क्षमता निहित रहती है। बिना दीक्षा लिए ही महामंत्र के द्वारा जिज्ञासु दीक्षित हो सकता है। यही इसकी महिमा है। प्राण-अपान की साधना के लिए तो कामिल गुरू की जरूरत रहती है क्योंकि उसे गुप्त रखा गया है लेकिन महामंत्र सबके लिए है। इसके जाप के लिए दीक्षा की जरूरत नही है। इस सम्बन्ध में निम्नलिखित संवाद शिक्षाप्रद है।

प्रेमी : जब सब जगह आश्रम खुल गए हैं तो आपको (आपके बाद) एक सही गुरू तो बिठाना ही पडेगा। अगर ऐसा हुआ तो क्या यह गुरूडम नहीं होगा ?

गुरूदेव : यहाँ गुरू स्थापित करने का कोई सवाल नही है। गुरू बनाया नही जाता, गुरू बनाना ही गुरूडम है। इधर तालीम में कोई कमी नही रखी गई..... महामन्त्र अपने आप में गुरूमंत्र है। सहज-सजह शब्दों के अंगो में समाधि अवस्था में अनुभव होता रहा है। जैसे-जैसे आया नोट करते रहे। अब मुकम्मिल रूप में रूहानी (अध्यात्मिक) मन्त्र अर्थसहित समता प्रकाश में लिखा है। गीता में भी जपयोग की बड़ी महानता बतलाई गई है। यह मन्त्र सर्व सिद्धि दातार है।

प्रेमी : आपने समता विलास में एक जगह फरमाया है कि असली सिमरण वही है जो कि मन और पवन की

सन्धि करे और अब आप फरमा रहे हैं कि महामन्त्र का जाप सर्वश्रेष्ठ है। आखिर कौन सी बात ठीक है?

गुरूदेव : गुरू की हिदायत (उपदेश) पर विश्वास ही गुरू की प्राप्ति है। जब कामिल गुरू शारीरिक तौर पर मौजूद नहीं रहते तब चालाक लोग आगे आकर मना की हुई बातों को नजरअंदाज करके खुद गुरूडम फैलाने का कारण बनते हैं। भोली भाली जनता को गुमराह करके उनके धन दौलत व दीगर (अन्य) सामग्रियों से सुख भोगते हैं। इसलिए महामन्त्र की महानता बयान कर दी गई है ताकि पीछे से लोग गुमराह न हों। विश्वास ही कामिल गुरू है।

प्रेमी : अगर फिर भी चालाक लोग रास्ता निकालकर आगे आ जाएँ तो भोली भाली जनता को ईश्वर के नाम पर आसानी से गुमराह किया जा सकता है और महामन्त्र की जगह गुरूमंत्र का लालच दिया जा सकता है।

गुरूदेव : इन्सान बेशक कमजोर दिल है। लालच और लोभ से स्वयम् ही अपनी कमजोरी का शिकार हो जाता है। लेकिन जैसे रोटी के लिखे हुए शब्द पढ़ने से भूख की निवृति नहीं होती, कामिल गुरू के बगैर युक्ति और शक्ति नहीं मिलती।

प्रेमी : फिर महामन्त्र से आपकी अनुपस्थिति में किस प्रकार संतोष होगी ? वह भी तो वास्तव में लिखी हुई रोटी के शब्द की ही प्रकार समझा जायेगा।

गुरूदेव : आप भी उन चालाक लोगों की तरह उनकी वकालत कर रहे हैं, जो भोले-भाले लोगों को अपने दांव-पेंच में डालकर फाँस लेते हैं। प्रेमी जी, कामिल पुरूषों की तहरीर (लेख) व तकरीर (वचन) में कोई अन्तर नहीं होता। यकीन कामिल (पूर्ण विश्वास) ही सफलता की कुंजी है, बस।

महामंत्र महिमा - शब्द की व्याख्या

शब्द (1)
त्रियोदश अक्षर मंत्र ये, सरब सिद्धि दातार।
जो सिमरे नित प्रेम से, मंगल पाए अपार ।।

भावार्थ - यह तेरह अक्षर का मंत्र हर प्रकार की सिद्धि सफलता, सुख-समृद्धि देने वाला है। जो प्रेम-प्रीति से इसका जाप करते हैं उनको अपार मंगल की प्राप्ति होती है। वे सुखी रहते हैं और उनका कल्याण हो जाता है।

शब्द (2)
जन्म-जन्म जाये भरमना, प्रभु चरन पाये विश्वास।
मोह माया संकट मिटे, सब कारज होवें रास ।।

भावार्थ - जो सज्जन पुरूष इस मंत्र का प्रेम और सद्भावना से जाप और सिमरन करते हैं, उनका आवागमन का भ्रम दूर हो जाता है। उनको प्रभु चरणों का सच्चा निश्चय प्राप्त होता है। सत् विश्वास से वह प्रभु भक्ति करते हैं उनके मोह माया के सब बन्धन कट जाते हैं और अन्त में वह मुक्त हो जाते हैं। उनके संसार के सब कार्य सफल हो जाते हैं। प्रभु की उनपर विशेष कृपा होती है।

शब्द (3)
महमा सत्सरूप की, सब अक्षर पहचान।
चार वेद और सिमरती, सबका सार निधान ।।

भावार्थ - इस मंत्र के सब अक्षर सत्स्वरूप परमात्मा के नाम, गुण और स्वरूप महिमा का वर्णन करते हैं, ऐसे जानो । चारों वेद, छः शास्त्र और सत्ताईस स्मृति-ग्रंथ जिनमें उस महाप्रभु की महिमा का गायन किया गया है। यह मन्त्र उन सब ग्रन्थों का सार निधान है, अर्थात् प्रभु महिमा का इस मंत्र से पूर्ण भाव प्राप्त होता है।

वास्तव में पहला अक्षर "ओ३म्" ही "शब्द ब्रह्म" है, ओ३म् से ही चारों वेद, सारा ज्ञान और जगत की उत्पत्ति हुई है।

सारा मंत्र और शेष शब्द 'ओ३म्' की महिमा बखान करते हैं। यह ओ३म् ही सार शब्द, सत शब्द, अनाहद, नाद या अनहद शब्द, अलख वाणी आदि नामों से पुकारा जाता है। इसी शब्द की प्राप्ति ही परमात्मा की प्राप्ति होती है। इस कारण से गुरू महाराज जी ने महामंत्र की विशेष महिमा गाई है। और इसका उच्चारण और ध्यान या अराधना सर्व फल दाता कहा है-ओ३म्।

शब्द (4)
परम शक्त प्रकाश अत धारे, कोट पिण्ड ब्रह्माण्ड।
सरब न्यारा आप रहे, तत् नाद रूप अखण्ड॥

शब्द (5)
रिखी मुनी और देवते, गायें गुरू अवतार।
महमा अवगत रूप की, पल-पल करें विचार॥

शब्द (6)
ज्ञानी कथा विचारते जुग जुग पूरन सार।
ओड़क निरना पाया, सरब रूप ओंकार॥

भावार्थ - वह परमात्मा सर्वशक्तिमान, ज्योति स्वरूप स्वयं प्रकाश, अपने प्रकाश से प्रकाशमान अनन्त ब्राह्मण्डों को धारण करता है, अर्थात उत्पन्न करता है, पालन करता है, संहार करता है। इतनी विचित्र लीला करता हुआ भी वह परम तत् अखण्ड नाद (शब्द) के रूप में सबसे न्यारा और असंग रहता है।

सब ऋषि-मुनि और देवगण, गुरू पीर और अवतारी पुरूष उसकी महिमा और गुणानुवाद गाते हैं अर्थात उस नाद ब्रह्म 'ओंकार' की महिमा व स्वरूप का ध्यान या चिन्तन करते हैं

तत्वेता ज्ञानी पुरूष जिनको अखण्ड शब्द की लखता प्राप्त होती है, वह युगों-युगों में शरीर धारण करके आते हैं और जन-समाज को शब्द ब्रह्म का उपदेश करते हैं और उसके पूर्ण सार को प्रगट करते हैं। अन्त में वह यही निर्णय देते हैं कि यह सारा दृश्यमान प्रपंच (जगत) और उनके सारे रूपों में एक शब्द ओंकार ही समाया हुआ है।

शब्द (7)

कथा विचारें वेदान्ती, देवें अनक भाँत परमान।
ब्रह्म सत्यम् तत् रूप का, निरनय करें बखान॥

भावार्थ - परमात्म, परम चेतन सत्ता के विषय में वेदान्त के आचार्य अनेक प्रकार के प्रमाण देते हैं और यह सिद्धान्त कहते हैं कि एक ब्रह्म ही सत्य है और सब जगत मिथ्या है, जीव भी ब्रह्मस्वरूप है भिन्न नहीं है अर्थात "सर्व खल्विदं ब्रह्म" यह सब कुछ ब्रह्म है और तीन काल सत् है। इस प्रकार परम तत् को ब्रह्म सत्यम् कहा गया है।

शब्द (8)

शब्द रूप को पूजते, जो तीन काल निरदोख।
त्रैगुन से नित भिन्न है, निरंकार शबद तत् मोख॥

भावार्थ - वह परम तत् परमात्मा निर्गुण, निराकार है, इससे वह शब्द स्वरूप है, वह अति सूक्ष्म है और एक अद्वैत है। उसमें दोष और विकार सम्भव नहीं है। वह तीन काल सदा निर्विकार और निर्दोष है। माया के तीन गुणों से भी वह परे या अतीत है। ऐसे नित्य मुक्त शब्द तत् को सार शब्द के पुजारी निरंकार कहते हैं।

शब्द (9)

उतपत परलय जो होये, सो असत माया विकार।
अजन्मा कर प्रभ पूजते, जुग जुग गुनी अपार॥

भावार्थ - जो वस्तु उत्पन्न होती है, वह नाश होती है। इस प्रकार आदि अन्त वाली वस्तु सत्य नहीं होती, बल्कि उसको असत्य मिथ्या कहते हैं। इस प्रकार सारा संसार और पदार्थ असत् और मिथ्या है। इससे उनको माया का विकार कहा गया है। गुणी ज्ञानी पुरूष परम तत् सत्यस्वरूप परमात्मा को अजन्मा कहते हैं और सदा इस नाम से उसकी पूजा करते हैं।

(10)
केवल सत्ता तत् रूप को, पूजें सिद्ध बुद्ध अनेक।
दृश्यमान सब भरम है, प्रभ केवल रूप अद्वैत।

भावार्थ-अनादि काल से सिद्ध और बुद्ध अर्थात पूर्ण तत्वेता और ज्ञानी पुरूष उस परम चेतना सत्ता की पूजा करते हैं, जो केवल सत् भ्रम-भाव में स्थित है। जो एक ओर अद्वैत हैं। सारा संसार उनको भ्रम रूप असत्य और मिथ्या भासता है। वह परमात्मा केवल रूप अद्वैत आप में आप स्थित है।

शब्द (11)
परम शकत संसार में, ज्ञान मात्रक सार।
सरब आधारी तत् सो, करें पुरखा विचार॥

भावार्थ - सारे संसार में वह परम शक्ति सार तत् सर्वज्ञाता सर्वज्ञ के रूप में निवास करता है। वह ज्ञानस्वरूप है। सबके अन्तर्गत रहकर सब कुछ जानता है, सारे चराचर पदार्थों में परिपूर्ण है। सब शरीर रूपी पुरियों में समाया हुआ "पुरूष" नाम से कहा जाता है।

शब्द (12)
लाख चौरासी जन्त में, जो सम रस रह्या व्याप।
सरब व्यापक तत् जान के, हरजन करते जाप॥

भावार्थ - संसार में जीवों की चौरासी लाख योनियाँ बताई जाती है। उन सब में जो परमात्मा समान रूप में एक रस एक जैसा व्यापा हुआ है, उसको हरिजन सर्वव्यापक कहकर याद करते हैं। जिस प्रकार बिजली की धारा सारे यन्त्रों, बल्बों, पंखों, मशीनों आदि में समान रूप से व्यापत होकर उनको चलाती है, इसी प्रकार यह चेतन शक्ति की धारा भी समान रूप में सबमें व्याप कर उनसे लीला करवाती है। इससे उसको सर्वव्यापक कहते हैं।

शब्द (13)
राग द्वेष जाँ को नहीं, शुद्ध सरुप त्रैकाल ।
कल्यान मूरत तत् ध्यान से, तन-मन होये निहाल ॥

भावार्थ - जिस परम चेतन तत् में राग-द्वेष नहीं है और जो सदा एक रस सम और अखण्ड है, वही कल्याण की मूर्ति या कल्याणस्वरूप तत् है। उसकी अराधना करने से जीव का तन-मन निहाल हो जाता है अर्थात जीवन सफल हो जाता है।

शब्द (14)
सरब शकत आधार जो, अतुल शकत निर्धार ।
परमेश्वर कर पूजिये, ताप तपन होये छार ॥

भावार्थ - संसार की सारी शक्तियों का जो आश्रय और आधार है। सारे देवी-देवताओं में भी जिसकी शक्ति काम करती है। जिसकी शक्ति का कोई माप-तोल नहीं अर्थात जो अनन्त शक्ति वाला है, ऐसे परम ईश्वर की पूजा करने से जीव के सारे दुःख-सन्ताप नाश हो जाते है और जीव परम सुखी होता है।

शब्द (15)
नमों नमों प्रभ रूप को, जाँ की महमा अपरमपार ।
अनन्त शकत तत् शबद को, नमस्तं बारम्बार ॥

भावार्थ - उस परम पिता परमात्मा को नमस्कार हो, नमस्कार हो, जिसकी महिमा अपरमपार है, वर्णन नही हो सकती। उस परम तत् शब्द रूप अनन्त शक्ति को बार-बार नमस्कार हो, प्रणाम हो ।

शब्द (16)

तत् मन्तर महमा अपार है, ज्ञान सागर अथाह ।
जिस बिध जो सिमरन करे, भव दुस्तर तरे असगाह ॥

भावार्थ - इस महामंत्र सत-तत् की महिमा बहुत अधिक है और यह ज्ञान का अथाह सागर है। इस मंत्र का जाप या सिमरण जिस विधि से भी कोई करेगा, वह दुस्तर भवसागर को पार कर जायेगा।

शब्द (17)
सत सरूप परमात्मा, सब अक्षर महमा जाँ।
जो सिमरे चित्त प्रीत से, कलह न व्यापे ताँ ।।

भावार्थ - इस मंत्र के सारे अक्षर सत स्वरूप परमात्मा की महिमा का बखान करते हैं। जो मन चित्त में प्रेम और श्रद्धा धारण करके इस मंत्र का सिमरन करेंगे, कलह-क्लेश और दुःख-सन्ताप उनके निकट नहीं आ पाएंगे।

शब्द (18)
सत मंतर सिमरण करे, उठ्ठत बैठत नर जोये।
जाये भरम की दूषना, चित्त शान्त परापत होये ।।

भावार्थ - इस महामंत्र का सिमरन जो उठते-बैठते करेगा, उसकी भ्रम की दूषना दूर होगी और उसका चित्त समाहित और शान्त होगा। मोह-माया के कारण जो शरीर को सत और आत्मा मान लिया था जिस कारण अहम् और ममता का रोग लग गया था, यही भ्रम की दूषना थी जिसमें जीव फंसा था।

शब्द (19)
विजय पाये संकट मिटे, सत गुन ले सुखसार।
आध व्याध जाये कल्पना, पाये सूझ धरम अपार ।।

भावार्थ - इस मंत्र का सिमरन करने वाले को संसार में विजय प्राप्त होती है और सारे दुःख सन्ताप मिट जाते हैं। दैवी सम्पत्ति के शुभ गुण उसको प्राप्त होते हैं जिससे उसे सारे सुख का लाभ होता है। उसके शारीरिक और मानसिक रोग सब दूर हो जाते हैं और उसे अपने सत्य धर्म का अपार ज्ञान प्राप्त होता है। जिससे वह मोक्ष लाभ करता है।

शब्द (20)
जो ध्याये नित प्रेम से, परसे नहीं पखवाद।
समता तत् रसना मिले, मोह ममता मिटे मूल परमाद ॥

भावार्थ-जो साधक प्रेम से इस मंत्र का जाप और सिमरण भजन करता है और पक्षपात से दूर रहता है उसको समता तत् आत्मानन्द का रस प्राप्त होगा और मोह-ममता का मूल परमाद, अज्ञान और अविद्या दूर हो जायेंगे। वह आत्म-ज्ञान को पाकर समता स्थिति वाला होगा वही सच्चा समतावादी होगा।

शब्द (21)
कलह कलेश सब दूर होये, पाये ज्ञान तत् योग।
'मंगत' तत् अक्षर नित गाइये, प्रभ दर्शन होयें संजोग ॥

भावार्थ - इस मंत्र की आराधना से साधक को तत्-ज्ञान की प्राप्ति होती है और उसके जीवन के सारे दुःख और कलेश दूर हो जाते हैं। महात्मा मंगत राम जी महाराज फरमाते हैं कि इस परम तत् शब्द के अक्षरों का नित सिमरण करना चाहिए, ताकि प्रभु-दर्शन की प्राप्ति हो जाये और जीवन सफल हो।

ॐ

ब्रह्म सत्यम् सर्वाधार

आरती

तूँ पार ब्रह्म परमेश्वर, तीन काल रछपाल।
नित पाऊँ शरनागती, सत् चरन कँवल दयाल॥
तूँ नित पतित उद्धार है, पूरन प्रभ जगदीश।
मोह माया संकट हरो, दीजो ज्ञान संदेश॥
नित ही तेरे चरन की, मन में रहे परीत।
तूँ दाता दातार है, पुरुखोत्तम सुखरीत॥
पवन पानी बैसन्तर, धरती और आकाश।
सब को सरजनहार तूँ, आद पुरख अबनाश॥
घट-घट व्यापक तूँ परमेश्वर, सरब जीयाँ आधार।
अनमत कूकर को राख लें, किरपा निद्ध करतार॥
काल करम जाये दूषना, खल बुद्धी हरो अज्ञान।
सत शरधा पाऊँ चरन की, अखण्ड प्रेम चित ध्यान॥
दीनानाथ दयाल तूँ, पल पल होत सहाये।
कीरत साचे नाम की, मन तन आये समाये॥
अन्तर का सब खेद हरो, दीजो सत विशवाश।
सरनागत हूँ मंधमती, घट अन्तर करो परकाश॥
अन्तरगत सिमरन करूँ, निरन्तर धरूँ ध्यान।
घट घट में दर्शन करूँ, आद पुरख भगवान॥
तूँ साचा साहब सरब परकाशी, शबद रूप आखण्ड।
गुनी मुनी उस्तत करें, तन मन पायें आनन्द॥
होवें दयाल तूँ सत परमेश्वर, देवें धीर अपार।
निमख निमख सिमरन करूँ, चित चरन रहे आधार॥
काया अन्तर परतख होवें, नाद रूप बिसमाद।
पल पल कीजूँ आरती, तन मन तजूँ व्याध॥

जग आवन सुफला होवे, तेरी आज्ञा मन में ध्याऊँ।
अन्तरगत करूँ आरती, भव दुस्तर तर जाऊँ॥
अन्धमत मूढ़ा नित प्रती, तेरे चरनी करे पुकार।
'मंगत' माँगे दीनता, सत् धर्म सुख सार॥
अन्धमत मूढ़ा नित प्रती, तेरे चरनी करे पुकार।
'मंगत' माँगे दीनता, सत् धर्म सुख सार॥

समता – मंगल

समता धरम हिरदे रसे, बिख ममता होवे नाश।
सत सरूप परमातमा, जल थल पाऊँ प्रकाश॥
सब जीवों से प्रेम हो, तन मन सेवा धार।
समता साधन पाये के, नित परसाँ जै जैकार॥
सत् करम सत् निश्चय, निर्मल पाऊँ विचार।
'मंगत' समता धार के, जीत चलो संसार॥
सत् करम सत् निश्चय, निर्मल पाऊँ विचार।
'मंगत' समता धार के, जीत चलो संसार॥